वर्ष 24, अंक 107, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 27 अक्टूबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**वन्देमातरम का पीएम मोदी ने किया जिक्र** | **भारत की कॉफी बहुत फेमस हो रही- पीएम मोदी**

# देश का वह कैफे जहां प्लास्टिक कचरा के बदले मिलता है खाना

- **पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में गार्बेज कैफे का किया जिक्र**
- **रन फॉर यूनिटी में आप सभी शामिल हों- पीएम मोदी**
- **आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई- पीएम मोदी**

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। इसमें पीएम मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले हम सभी ने दिवाली मनाई और अब बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा में व्यस्त हैं। छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। समाज का हर वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आता है। यह नजारा भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है। त्योहारों के इस अवसर पर, मैंने आप सभी को अपनी भावनाओं को साझा करते हुए एक पत्र लिखा था। पत्र में, मैंने देश की उन उपलब्धियों का उल्लेख किया था जिन्होंने इस वर्ष के त्योहारों को और भी जीवंत बना दिया है। मेरे पत्र के जवाब में, मुझे देश के कई नागरिकों के संदेश मिले हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार, उन इलाकों में भी खुशी के दीये जलाए गए जहां कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग माओवादी आतंक का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं जिसने उनके बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है।

जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह- पीएम मोदी

पीएम ने कहा, ह्लजीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह है। इस बार त्योहारों के दौरान भी कुछ ऐसा ही सुखद माहौल देखने को मिला। बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। मैंने अपने पत्र में खाद्य तेल की खपत में 10% की कमी करने का भी आग्रह किया था और लोगों ने इस पर भी काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

गार्बेज कैफे का पीएम मोदी ने किया जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं जहां प्लास्टिक कचरे के बदले आपको भरपेट खाना मिलता है। अगर कोई एक किलो से ज्यादा प्लास्टिक लाता है, तो उसे दोपहर या रात



का खाना दिया जाता है और आधा किलो प्लास्टिक के बदले उसे नाश्ता मिलता है। ये कैफे अंबिकापुर नगर निगम द्वारा चलाए जाते हैं।

गुजरात वन विभाग ने मैंग्रोव के लिए विशेष मुहिम चलाई प्रधानमंत्री

पीएम ने कहा, ह्लगुजरात के वन विभाग ने मैंग्रोव के महत्व को समझते हुए खास मुहिम चलाई हुई है। पांच साल पहले वन विभाग की टीमों ने अहमदाबाद के नजदीक धोलेरा में मैंग्रोव लगाने का काम शुरू किया था और आज धोलेरा तट पर साढ़े तीन हजार हेक्टेयर में मैंग्रोव फैल चुके हैं। मैंग्रोव का असर आज पूरे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वहां के इकोसिस्टम में डॉल्फिन की संख्या बढ़ गई है। केकड़े और दूसरे जलीय जीव भी पहले से ज्यादा हो गए हैं। यही नहीं, अब यहां प्रवासी पक्षी भी काफी संख्या में आ रहे हैं। इससे वहां के पर्यावरण पर अच्छा प्रभाव तो पड़ा ही है।

## 'वोट बैंक के लिए हिंदू धर्म का अपमान करना गलत'- चिन्मयानंद

**उत्तर प्रदेश**



संत और समाजिक विचारक स्वामी चिन्मयानंद बापू ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के दीपावली बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों और भगवान कृष्ण के प्रति असम्मान दिखा रहे हैं.

स्वामी चिन्मयानंद ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अखिलेश यादव वोट बैंक के लिए हिंदू धर्म का अपमान करते हैं, उन्हें बेहतर होगा कि वे मुस्लिम धर्म अपना लें.

स्वामी चिन्मयानंद ने बताया कि दीपावली जैसे पवित्र त्योहारों और भगवान कृष्ण के नाम पर की गई टिप्पणी अखिलेश यादव की राजनीतिक प्रतिष्ठा को कमजोर कर रही है. उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का अपमान करना किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए चिंता का विषय है।

## बाहरी राज्यों के वाहनों से वसूला जाएगा ग्रीन टैक्स

- **उत्तराखंड में दिसंबर से होगी शुरूआत**

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाने का निर्णय लिया है. परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह व्यवस्था दिसंबर माह से लागू की जाएगी. इस टैक्स का उद्देश्य राज्य की स्वच्छता, पर्यावरणीय संतुलन और प्रदूषण पर नियंत्रण सुनिश्चित करना है.



राज्य के अपर परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने बताया कि राज्य की सीमाओं पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, जो आने वाले वाहनों के नंबर स्वतः रिकॉर्ड करेंगे. पहले जहां 16 कैमरे लगाए गए थे, अब इनकी संख्या बढ़ाकर 37 कर दी गई है ताकि सीमाओं से गुजरने वाले सभी वाहनों का डेटा सटीक रूप से दर्ज किया जा सके.

निजी कंपनी को टैक्स वसूली की जिम्मेदारी

परिवहन आयुक्त ने बताया कि परिवहन विभाग ने टैक्स वसूली के लिए एक निजी कंपनी को अधिकृत किया है. कैमरों के जरिए प्राप्त डाटा सॉफ्टवेयर के माध्यम से इस कंपनी को भेजा जाएगा. वहां से यह डाटा छांटा जाएगा ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन से वाहन उत्तराखंड पंजीकृत हैं, कौन से सरकारी हैं ।

## 'जब सत्ता अपराधियों की ढाल बन जाए तो...'




**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** के सतारा में लेडी डॉक्टर के सुसाइड मामले पर बवाल मचा हुआ है. डॉक्टर ने सुसाइड से पहले सीनियर अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए थे. इस मामले में आरोपी पुलिस सब-इंस्पेक्टर ने सरेंडर कर दिया है. इसको लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा है.

राहुल गांधी ने रविवार (26 अक्टूबर, 2025) को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि महाराष्ट्र के सतारा में बलात्कार और उत्पीड़न से तंग आकर महिला डॉक्टर ने आत्महत्या की, जो किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है. उन्होंने लिखा कि एक होनहार डॉक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई.

लोकसभा में नेता विपक्ष ने कहा कि जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की ज़िम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ सबसे घिनौना अपराध किया. उसके साथ बलात्कार और शोषण किया. उन्होंने आगे कहा कि रिपोर्ट्स के अनुसार, इखढ से जुड़े कुछ प्रभावशाली लोगों ने उस पर भ्रष्टाचार का दबाव डालने की कोशिश भी की. सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है. यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है.

राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब सत्ता अपराधियों की ढाल बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? लेडी डॉक्टर की मौत इस इखढ सरकार के अमानवीय और संवेदनहीन चेहरे को उजागर करती है. हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।

## वोटों के लिए तेजस्वी यादव का डबल दांव, पंचायत प्रतिनिधियों को डबल भत्ता, कारीगरों को 5 लाख का ऋण

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव में मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ ही चुनावी घमासान तेज हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने आज एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई महत्वपूर्ण चुनावी वादों की घोषणा की।



यादव ने कहा कि अगर महागठबंधन सत्ता में आता है, तो वह राज्य की पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधियों के लिए भत्ते दोगुने कर देंगे। इस दौरान उनके बगल में विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और गठबंधन के उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी मौजूद थे।

पंचायती राज और रोजगार पर फोकस

तेजस्वी यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों को बड़ा लाभ देने का वादा करते हुए कहा, 'पंचायतों और ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि लंबे समय से पेंशन लाभ की मांग कर रहे थे। हमने फैसला किया है कि उन्हें पेंशन मिलेगी। इसके अतिरिक्त, उन्हें 50 लाख रुपये का बीमा कवरेज भी दिया जाएगा।' उन्होंने सार्वजनिक वितरण नेटवर्क में काम करने वालों का मार्जिन बढ़ाने का भी वादा किया।

इसके अलावा, महागठबंधन ने परंपरागत कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि मिट्टी के बर्तन, लोहार और बढ़ईगीरी जैसे व्यवसायों में लगे लोगों को अपना काम बढ़ाने के लिए 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

तेजस्वी ने कहा, बिहार बदलाव के लिए आतुर है

अपने वादों को दोहराते हुए, तेजस्वी यादव ने मौजूदा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'बिहार बदलाव के लिए आतुर है। लोग मौजूदा सरकार से तंग आ चुके हैं। लोगों ने उन्हें (एनडीए को) 20 साल दिए। हमें बस 20 महीने चाहिए। हम बिहार को नंबर 1 राज्य बनाने के लिए काम करेंगे।'

यादव ने एनडीए की आलोचना करते हुए कहा कि उनके वादे (2 करोड़ रोजगार, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया) पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा, 'हम काम करने में विश्वास रखते हैं। हम लोगों को बता रहे हैं कि अगले 5 सालों में हम क्या करेंगे। एनडीए में कोई भी लालू यादव और तेजस्वी यादव को गाली देने के अलावा कुछ नहीं कह रहा है... इस बार, बिहार की जनता बदलाव के लिए बेचैन है।'

गठबंधन में एकजुटता का दावा

एनडीए द्वारा महागठबंधन में दरार के दावों को खारिज करते हुए, तेजस्वी यादव ने कहा कि मुकेश सहनी और वह साथ मिलकर प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी प्रचार के लिए बिहार आएंगे। उन्होंने कहा, 'एनडीए में किसी को कोई समस्या या मुद्दा नजर नहीं आ रहा है, जबकि हमारा गठबंधन एकजुट है।'

## 'जो राम को नहीं मानते उन्हें इटली एक्सपोर्ट कर देना चाहिए'- एके शर्मा

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने अखिलेश यादव द्वारा दीपोत्सव पर सवाल उठाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा जो राम और भारतीय संस्कृति को नहीं मानते बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. इस बात को न समझने वाले लोगों को इटली एक्सपोर्ट कर देना चाहिए. शर्मा शनिवार को सुल्तानपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, जहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये बात कही.



इसके साथ ही नगर विकास मंत्रीं ने बिहार चुनाव में एनडीए की जीत का दावा किया. बोले एक बार फिर वहां नितीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है.

अखिलेश यादव पर प्रतिक्रिया

ए.के. शर्मा से जब अखिलेश यादव के दीपोत्सव पर सवाल उठाने का सवाल किया गया तो बोले ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. शर्मा ने कहा कि जो राम को नहीं मानते, उनकी मान्यताओं को नहीं मानते, पुरातन संस्कार और संस्कृति को नहीं मानते. उन्होंने कहा दीपक एक प्रकाश का स्त्रोत नहीं बल्कि हमारी संस्कृति सनातन धर्म में उसे परमब्रह्म कहा गया है. उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है इस बात को नहीं समझने वाले लोग भारत की राजनीति में है, ऐसे में कुछ ही लोग है जिन्हें भारत से इटली एक्सपोर्ट कर देना चाहिए।

## यूपी में अब पड़ेगी कड़ाके की सर्दी, अगले चार दिन बारिश का अलर्ट, छठ पूजा पर बरसेंगे बदरा

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** अब ठंड बढ़ने लगी हैं. दिन के समय में मौसम शुष्क बना हुआ हैं जबकि सुबह और रात के समय में कहीं-कहीं छिछला कोहरा और धुंध छा रही हैं. यूपी में आज 26 अक्टूबर को भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान हैं लेकिन, कल से मौसम बदल रहा है. क्टऊ ने प्रदेश में अगले चार दिन बारिश का अनुमान जताया है, जिससे सर्दी बढ़ जाएगी.

मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मौसम शुष्क रहेगा. दिन के समय आसमान साफ रहेगा और धूप निकलेगी. जबकि सुबह और शाम के समय में धुंध और छिछला कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया गया है. शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीणों क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई हैं और लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है.

छठ पूजा पर बदलेगा मौसम

27 अक्टूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा हैं जो हिमालयी क्षेत्र से टकराने वाला हैं. जिसका असर उत्तर प्रदेश पर भी दिखाई देगा और मौसम एकदम बदल जाएगा. छठ पर्व पर बादल छाने की संभावना है, जिससे व्रती महिलाओं को परेशानी हो सकती है।

## बंगाल की खाड़ी में 'मोन्था' का मंडराता कहर, आंध्र, ओडिशा, तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान

**तमिलनाडु**

**बंगाल** की खाड़ी में उभर रहे चक्रवाती तूफान 'मोन्था' के कारण भारत के पूर्वी तट पर भयानक असर पड़ने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह तूफान 28 अक्टूबर की शाम या रात के दौरान आंध्र प्रदेश के तट पर काकीनाडा के पास मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच दस्तक दे सकता है।


तूफान की वर्तमान स्थिति

दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईएमडी के अनुसार, यह प्रणाली 26 अक्टूबर तक एक 'गहरे दबाव' में और 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की उम्मीद है। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा और तट पर दस्तक देने से पहले एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की प्रबल संभावना है।

25 अक्टूबर की रात 11:30 बजे तक, यह पोर्ट ब्लेयर से लगभग 550 किलोमीटर पश्चिम और चेन्नई से 850 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था।

राज्यों के कौन से इलाकों में खतरा

चक्रवात 'मोन्था' के कारण पूर्वी तट के राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की आशंका है।



80 किमी प्रति घंटा तक की तेज हवाएं और तटीय बाढ़ का खतरा पैदा कर रही है। 'चक्रवात मोन्था' के कारण संभावित नुकसान से बचने के लिए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है।

27 से 28 अक्टूबर तक, आंध्र प्रदेश के यनम और रायलसीमा के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना। आईएमडी ने 26 अक्टूबर को पूरे राज्य के लिए पीली चेतावनी जारी की है।

28 और 29 अक्टूबर को ओडिशा भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। गंजम, गजपति, रायगढ़, कोरापुट और मलकानगिरी जैसे जिले प्रभावित हो सकते हैं। हवा की गति 60-70 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है, कुछ क्षेत्रों में 80 किमी/घंटा तक भी पहुंच सकती है।

आज (26 अक्टूबर) तमिलनाडु के तंजावुर, तिरुवरुर और नागपट्टिनम जिलों में मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है।

चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और रानीपेट तक हल्की से मध्यम बारिश फैल सकती है। 27 अक्टूबर को चेंगलपेट, कांचीपुरम और वेल्लोर में भारी बारिश हो सकती है, जबकि चेन्नई में भी भारी बारिश की संभावना है।

प्रभावित इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने, सुरक्षित स्थानों पर जाने और आधिकारिक चेतावनियों का लगातार पालन करने की सलाह दी गई है। तूफान के कारण तटीय बाढ़ और तेज हवाओं से नुकसान की आशंका है।

## आंध्र प्रदेश पुलिस बोली, बैटरियों के फटने से गई 20 जानें

**आंध्र प्रदेश**

**कुरनूल** जिले में हुए भीषण बस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें 19 बस यात्री और बाइक सवार शामिल हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस में 12 केवी की दो बैटरियों के फटने से आग लगी, जो इस भयानक हादसे की मुख्य वजह बनी।



पुलिस के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार को हुआ जब हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही एक निजी स्लीपर बस ने लापरवाही से गाड़ी चला रहे एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक बस के नीचे घसीटती चली गई, जिससे उसका ईंधन टैंक फट गया और आग लग गई। कुरनूल रेंज के डीआईजी कोया प्रवीण ने बताया कि आग लगने का मुख्य कारण मुख्य निकास द्वार के पीछे स्थित बस की दो 12 केवी बैटरियां थीं, जो फट गईं। उन्होंने यह भी कहा कि बस में अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ, जैसे धातु का पेंट, भी लगा था, जिससे आग और भड़क गई।

प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि बस में बड़ी मात्रा में स्मार्टफोन और बैटरियां होने के कारण आग और तेजी से फैली। फोरेंसिक विशेषज्ञों के अनुसार, बस में लगभग 46 लाख रुपये मूल्य के 234 स्मार्टफोन थे, जिन्हें एक व्यापारी एक लॉजिस्टिक सेवा के माध्यम से ले जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद उपकरणों के अंदर मौजूद लिथियम-आयन बैटरियां फट गईं, जिससे यात्री केबिन में आग तेजी से फैल गई। आंध्र प्रदेश अग्निशमन सेवा और फोरेंसिक विभाग के विशेषज्ञों ने भी एक रिपोर्ट में स्मार्टफोन की खेप और बस के बैटरी पैक द्वारा आग को तेज करने की पुष्टि की है। हालांकि, डीआईजी कोया प्रवीण ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि आग लगने का मुख्य कारण बस की दो 12 केवी बैटरियां थीं, न कि स्मार्टफोन की खेप, और उन्होंने कहा कि वे लगभग पूरी तरह से सुरक्षित थीं।

आगे की जांच

बस में कुल 44 यात्री सवार थे, जिनमें से कई लोग आग से बच निकलने में कामयाब रहे।

# पिटाई से घायल सद्दाम की मौत





**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** सौनौटी में बीते गुरुवार को एक मामूली सड़क हादसे के बाद लोगों की बेरहमी से पिटाई का शिकार हुए भदोही निवासी सद्दाम (32) की रविवार को इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। सद्दाम की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है, वहीं परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है।

भदोही के गोपीगंज निवासी सद्दाम, सऊदी अरब में नौकरी करता था इन दिनों छह महीने की छुट्टी पर घर आया हुआ था। तीन माह पूर्व ही उसका निकाह झूंसी पटहारी टोला निवासी गुलनाज से हुआ था। गुरुवार को वह अपने साले रिजवान के साथ बाइक से थरवई में एक शादी समारोह से लौट रहा था। लौटते वक्त सौनौटी के पास उसकी बाइक की टक्कर एक साइकिल सवार से हो गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। परिजनों के अनुसार जब सद्दाम और रिजवान साइकिल सवार को उठा रहे थे तभी मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने आवेश में आकर सद्दाम और रिजवान को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। पिटाई इतनी निर्मम थी कि सद्दाम वहीं बेहोश हो गया। राहगीरों के हस्तक्षेप के बाद पिटाई करने वाले माने। घायल सद्दाम और रिजवान को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान रविवार को सद्दाम की मौत हो गई। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। पत्नी गुलनाज का रो-रोकर बुरा हाल है। सद्दाम की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा पुलिस के खिलाफ फूट पड़ा है।

# अजगर ने नीलगाय के बच्चे को निगला, ग्रामीणों की लगी भीड़

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर गांव के समीप नाले के पास धान के खेत में एक अजगर गांव वालों को दिखाई पड़ा तो अजगर को देखने के लिए दूर दराज के लोग इकट्ठा हो गए । और गांव में दहसत का माहौल बन गया ।इसकी सूचना पहले 112 नंबर दिया गया। फिर वन विभाग के रेस्क्यू टीम आकर अजगर को पकड़ कर अपने कब्जे में लेकर एक बोरे मे भरा गया। बताया जाता है कि यह अजगर एक नीलगाय के बच्चे को निगल गया था रेस्क्यू टीम के अल्पेश कुमार, सुरेश कुमार, मनोज कुमार ने बताया कि यह अजगर काफी विशाल और बड़ा बड़ा है। यह छोटे-मोटे जीव जंतु और छोटे जानवर को निकाल लेता है। इस अजगर को पकड़ करके कहीं दूर जंगल में इसको छोड़ दिया जाएगा गांव के लाइमैन महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि यह अजगर धान के खेत में कई दिनों से दिखाई दिया तो गांव में दशरथ का माहौल बन गया ।फिर उसके बाद हम लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दिया। टीम आकर अजगर को पड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की बात कही।

## न्यूज झरोखा

### भगवत कथा श्रवण से जीवन में कल्याण के साथ मुक्ति का मार्ग होता है प्रशस्त



**सहसों।** क्षेत्र के सिताऊ का पूरा गारापुर में पंडित कृष्ण देव दुबे के संयोजन में संगीत मय चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास श्री राघवेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सुंदर मुखारविंद से परीक्षित जन्म, सुकदेव जन्म, वराह अवतार, विदुर मैत्रेयी संवाद एवं ज्ञान और वैराग्य की सुंदर प्रसंग का सजीव वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा हर मनुष्य के जीवन में सांसारिक मोह माया से ऊपर उठकर भक्ति की ओर उन्मुख होने की प्रेरणा देती है। कथा मनुष्य को जन्म मरण के चक्र से मुक्ति पाने के लिए एक सरल और शुगम उपाय है। कथा व्यास ने कहा व्यक्ति को गृहस्थ धर्म को निभाते हुए सांसारिक विषयों से सारा ध्यान हटाकर इस जीवन को केवल कृष्ण भक्ति एवं भगवत भजन में लगाएं जिससे जीवन का कल्याण होते हुए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सके। क्योंकि हम सबके लिए प्रभु भक्ति से बढ़कर कोई और सुख संपत्ति नहीं है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान पंडित कृष्ण देव दुबे, सुनील कुमार दुबे संजय एवं पूजा दुबे सहित आदि श्रोता भक्तों ने भगवान बांके बिहारी, भागवत भगवान, व्यास पीठ एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्त श्रोता नर नारियों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज कुमार दुबे, अजय दुबे, राज कुमार दुबे, विनय दुबे, उमाशंकर दुबे, अश्वनी कुमार दुबे, आशुतोष, शिवम, लवकेश मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, विजय तिवारी, पंकज शुक्ला, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, राजमणि शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, विनोद शुक्ला, भुनेश शुक्ला सहित आदि कथा रसिक श्रोता कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

### अरैल घाट पर छठ पूजा के पूर्व स्वच्छता अभियान चलाया गया



**नैनी।** नैनी अरैल पुराने पक्के घाट पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से डां. सुनीता विश्वकर्मा के नेतृत्व में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि आस्था एवं सनातन धर्म की पहचान मां गंगा के गोद में लोग स्नान करने आते हैं लेकिन उसके साथ-साथ गंदगी का अंबार भी गंगा नदी में छोड़ जाते हैं, हमारी टीम के सदस्यों ने जल के अंदर से मूर्तियों को शीशे युक्त फोटो को निकाला, लोगों को यह सोचना चाहिए कि जब मूर्तियां घुल जाएगी पानी में तो उसमें जो लोहे की कील है, या शीशा है लोगों के पैर में लगेगा जो बड़ा घातक सिद्ध होगा। इसलिए सभी से अपील है कि गंगाजल में स्नान करें, ना कि गंदगी डालें। एसपीओ विशेष पुलिस अधिकारी प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल ने कहा कि सरस्वती परिवार पिछले 8 वर्षों से अरैल घाटों पर स्वच्छता अभियान द्वारा साफ सफाई का बीड़ा उठाया हुआ है, जो धरातल पर काम करता है, इसलिए इस टीम के द्वारा आम जनमानस से भी अपील है,कि आप जुड़े और स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, महेश प्रसाद केसरवानी, ऋषि दीक्षित, विनोद गुरानी, धीरज निषाद, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, गोविंद सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, दीपक दीक्षित, संजय श्रीवास्तव, बाबूजी यादव, विकास मिश्रा, नीरज पांडेय, कार्तिकेय तिवारी, उज्जवल यादव, गौरव यादव, सौरभ यादव, आर्यन यादव, सनी यादव आदि उपस्थित रहे।



## थरवई जगदीशपुर में महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** रविवार को थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत जगदीशपुर पूरे चंदा में थाना थरवई मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि पटेल, एस आई रिचा वर्मा, जितेंद्र नाथ सिंह आदि द्वारा जाकर महिलाओं व बेटियों को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत उन्हें जागरूक किया व रास्ते में आते जाते अगर कोई शोहदा परेशान करे तो कैसे अपनी सुरक्षा करनी है जिसके लिए दिए गए वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, पुलिस आपात सेवा डायल 112 व साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि पर उन्हें बताते हुए जागरूक किया वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सामूहिक विवाह योजना, विधवा पेंशन योजना आदि पर उन्हें बताया व कैसे पात्र महिलाएं इसका लाभ उठा सकती हैं बड़े ही विस्तार से जानकारी दी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला शक्ति पर जोर





## महिलाओं को जागरूक करने के लिए हुआ सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना मऊआइमा में मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम उप निरीक्षक किशन पटेल, उपनिरीक्षक आकांक्षा द्विवेदी, का. ओमप्रकाश सिंह, का. कप्तान सिंह, का. संजय कुमार वर्मा,का, दुर्गाप्रसाद नायक, का., इमामुद्दीन खान द्वारा महिला एकता महासम्मेलन मऊआइमा नगरपंचायत के मोहल्ला पूरे मियां जी में आयोजित हुआ जिसमें बालिकाओं व महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, सामूहिक विवाह योजना, चिकित्सा संबंधी आयुष्मान योजना आदि तथा 22 बिंदुओं पर केंद्रित सूचना व गहनता से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 आदि के बारे में जानकारी दी गई जिसमें साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराया गया।

## पुआल रखने को लेकर मारपीट दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुआल रखने को लेकर युवती को मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। युवती ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता नई बस्ती निवासनीय सती देवी पुत्री स्वर्गीय सजन लाल चौहान का आरोप है कि विपक्षी उसकी जमीन पर पुआल रख रहे थे।मना करने पर उसे मारे पीटे गालियां दी और जान से मारने की धमकी दिए।सती देवी ने मऊआइमा थाने में शिवबहादुर, कल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# कार्यकर्ता ही होते हैं पार्टी की रीढ़ : प्रेमचन्द बिंद

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** मेहनतकश, ईमानदार एवं जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ होता है। सभी कार्यकर्ता मिलकर एक सूत्रीय कार्यक्रम के द्वारा हर गाँव मे जाकर पार्टी की विचार धारा को घर घर पहुंचाएं। हर गाँव से हर बूथ पर पार्टी का बूथ अध्यक्ष के साथ ही साथ ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाया जाए। उक्त विचार प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को कसेरुआ कला सहसों में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक प्रेमचंद बिंद ने व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष और ब्लाक अध्यक्ष की नियुक्ति पार्टी को और सशक्त एवं मजबूत बनाया जाए। ताकि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चूनाव मे पार्टी का ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता जीत हांसिल करें तभी पार्टी और मजबूत होगी। क्योंकि आगामी विधान सभा चूनाव में पार्टी के ज्यादा से ज्यादा विधायक बनाकर विधान सभा मे पहुंच सके। कार्यकताओं का लगन एवं कड़ी मेहनत से एक दिन प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की सरकार प्रदेश में बनेगी। उन्होंने कार्यकताओं को दिशा निर्देश देते हुए बताया कि आगामी 2 नवंबर को पार्टी का आरक्षण रथ यात्रा प्रदेश के 20 जिलो मे निकालने जा रही है। रथ यात्रा को सफल बनाने का काम करें। बैठक में कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रदेश प्रभारी एडवोकेट मदन बिंद ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ता बैठक की अध्यक्षता राम अचल बिंद एवं संचालन पार्टी के प्रदेश सचिव एडवोकेट जय प्रकाश बिंद ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामधनी केवट, वी पी परवाना, राकेशकुमार जायसवाल, राजेश कुमार महान, महेन्द्र कुमार बिंद, मोहनलाल बिंद, राम जी, हरिशंकर, गिरधारी लाल सरोज, जगदीश बिंद, रामबाबू बिंद, लाल चन्द कनौजिया, राम बहादुर, लालजी पाल सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोरांव में बलात्कार की सूचना एसीपी मेजा और कोरांव पुलिस पहुंचे घटना स्थल

**कोरांव।** कोरांव क्षेत्र के ग्राम साजी में एक महिला ने कोरांव थाने पहुंच कर सामूहिक बलात्कार की घटना की तहरीर दी। पीड़िता बदला नाम रंजना पत्नी राजोली ने पुलिस को तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के रामबहादुर मोहनलाल रामराज आदि ने मिलकर घसीट कर खेत में ले जा कर दुष्कर्म किए। यह घटना पीड़िता अपनी भैंस चराने जंगल में गई हुई थी तभी यह वारदात हुई। फिलहाल द्वारा पुलिस अभी तक घटना की पुष्टि नहीं की है। समाचार लिखे जाने तक केस दर्ज नहीं हुआ था।

**बेंजा हरकतें-** इसी तरह ग्राम अल्हवा में भी एक महिला ने एक व्यक्ति पर परेशान करने शिकायत पर धमकाने तरह तरह की धमकियां देने के रपट दी है।

**अपहरण घटना-** इसी तरह कोरांव में एक मुस्लिम युवक की दिनदहाड़े अपहरण की घटना घटी है जिसकी रपट थाना कोरांव में दी गई है। पुलिस खोजबीन की कार्यवाही कर रही है। उक्त युवक कोरांव में किसी के यहां काम करने आया था।

## नवागंतुक इंस्पेक्टर को पुष्पगुच्छ व अम्बेडकर की प्रतिमा देकर किया स्वागत

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह द्वारा दीपावली त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के बीस माह बाद 23 अक्टूबर को स्थानांतरण कर खुल्दाबाद थाने में नियुक्त किया गया वही प्रभारी थाना साइबर अपराध से अनिल कुमार को हटा कर मांडा थाने का कार्य भार सौंप दिया गया ' मांडा थाने के नए इंस्पेक्टर अनिल कुमार के आगमन पर मांडा खास के सम्भरान्त लोगो में दीन दयाल द्विवेदी, विष्णु कांत गुप्ता, साजन सोनकर, शैलेन्द्र सोनकर, शशि कांत, अजीत मौर्य, शिव शंकर ने उन्हें बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा व पुष्पगुच्छ और मिष्ठान देकर स्वागत सम्मान किया।

## मिशन शक्ति टीम ने विक्रमपुर की महिलाओं को किया जागरुक



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत सरायममरेज मिशन शक्ति टीम के उप निरीक्षक बलवंत सिंह, उप निरीक्षक आराधना सिंह, उप निरीक्षक यशवंत कुमार, उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी, महिला आरक्षी सरोजनी यादव, आरक्षी आशीष द्वारा रविवार को ग्राम विक्रमपुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज मे जाकर महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम 1930 आदि की जानकारी दी गयी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे भी बताया गया व साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरुक किया गया।

# जाम के झाम से त्रस्त है जंघई बाजार, आवागमन बाधित

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** प्रमुख त्योहार, शादी विवाह एवं मांगलिक कार्यक्रमों के कारण इन दिनों मुख्य मार्ग जंघई हंडिया रोड एवं बाजार के अंदर गलियों में लगने वाले जाम के कारण आवागमन करने वालों के अलावा मुख्य बाजार में दुकानें संचालित करने वाले दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। जंघई बाईपास, स्टेट बैंक एवं बैंक आफ बड़ौदा, जंघई कालोनी आदि स्थानों पर वाहनों को इधर उधर सड़क पर खड़ा करने से रोज जाम लगने के कारण बाजार में खरीददारी करने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शादी विवाह का मौसम होने के कारण लोगों की भीड़ बाजार में बढ़ जाती है। जंघई बाजार में पार्किंग न होने के कारण लोग सड़क पर बाइक चार पहिया वाहन खड़ा करके बाजार में खरीददारी करने चले जाते हैं। मुख्य बाजार काफी व्यस्त होने के साथ ही बेहद सकरा है जिससे छोटे-छोटे वाहन ही इस रास्ते से बड़ी मुश्किल में निकल पाते हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा वाहन इस रास्ते से निकल जाए तो जाम लगना तय होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर बाद जाम की परेशानी और बढ़ जाती है दरअसल स्थानीय ग्रामीण बाजार खरीददारी करने आते हैं एवं बसों, ट्रकों के अलावा ऑटो, मैजिक वाहन, स्कूल वाहन बड़ी संख्या में बाजार में प्रवेश करते हैं जो ज्यादातर मुख्य सड़क से निकलते हैं इस कारण बाजार में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं।पैदल चलने वाले, दो पहिया वाहन एवं साइकिल सवार कई बार गिर कर चुटहिल हो जाते हैं जाम लगने के कारण लोगों को परेशानी होती है।

# रामलीला, नाटक मंचन से बढ़ता है आपसी भाईचारा : विमल धर दुबे

**अखंड भारत संदेश**





**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आजाद अभिनय नाट्य कला समिति चनेथू भगवानपुर में तीन दिवसीय नाटक का मंचन किया गया शनिवार रात्रि में कफन की कसम नाटक का मंचन किया गया। समापन दिवस का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी, उद्योगपति चनेथू गांव निवासी विमल धर दुबे ने फीता काटकर किया। लोगों को संबोधित करते हुए विमल धर दुबे ने कहा कि रामलीला एवं नाटक मंचन से आपसी भाईचारा बढ़ता है सब लोग इकट्ठा होते हैं एक दूसरे से मिलते हैं, आपस में वातार्लाप होती है तथा मंचन देखकर सीख एवं मनोरंजन मिलता है और एक दूसरे की सुख दुख में सहभागिता बढ़ती है नाटक देखकर सैकड़ों दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये। इस अवसर पर राकेश दुबे, दादे दुबे, राजकुमार दुबे, निराले उपाध्याय, राकी पांडेय, दीपक उपाध्याय एवं पात्रों में विकास यादव, इंद्रजीत यादव, हवलदार यादव, दिव्यम यादव, गोपाल, राज, राहुल, विनोद, राजा, रवि, कृष्णकांत, विजय शंकर, दिनेश, कमलेश, शिवशंकर, लवकुश, आकाश, मुलायम, अनुराग, प्रिंस, आशीष, अभिषेक एवं सहयोगियों में डॉ सुरेश चंद्र यादव, विनय कुमार यादव, पूर्व प्रधान भगवंत प्रसाद, रविकांत मौर्य, प्रेमचंद यादव, रामआसरे यादव जज्जे, बृजलाल यादव, संतोष, भोलू, मेवालाल, हरीराम, श्रीकांत, उमाकांत, कल्लू राम, सुजीत, उत्तम, विनोद, सबेरा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू, दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने किया खरना

## डाला छठ के लिए दौरी और डाला की महिलाओं ने किया खरीदारी





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में छठ पर्व के लिए श्रद्धालुओं ने फल, गन्ना, फूल-माला, डाला समेत अन्य पूजन सामग्री खरीदने को बाजारों में भीड़ उमड़ी। मोहल्लों के चौराहों पर भी पर्व की पूजन सामग्री बेचने वालों ने दुकानें लगाई थीं। लोग खरीदारी कर घाटों पर स्थान घेरने भी पहुंचे थे। पवित्रता अनुशासन और आस्था का प्रतीक चार दिवसीय छठ पूजा महापर्व के दूसरा दिन रविवार 26 अक्तूबर- खरना- व्रती दिन भर निर्जला व्रत रहते हैं। शाम को गुड़-चावल की खीर, रोटी और केले का प्रसाद ग्रहण करते हैं। तीसरा दिन- सोमवार 27 अक्तूबर- डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार संग बेटों की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। चौथा दिन- मंगलवार 28 अक्तूबर- उगते सूर्य को अर्घ्य। सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। डाला छठ महापर्व के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। श्रद्धा और पवित्रता के साथ मनाया जाता है। यह दिन छठ व्रत की सबसे अहम दिन माना जाता है। व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखकर सायंकाल गंगा, तालाब या घर में निर्मित वेदी पर सूर्यदेव की उपासना की। शाम के समय व्रती गंगाजल से स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किया। इसके बाद मिट्टी या पीतल के पात्र में खीर, रोटी और गुड़ से प्रसाद बनाकर अर्पित किया।इस प्रसाद को ह्यखरना प्रसाद कहा जाता है, जिसे व्रती सूर्यदेव को अर्पित करने के बाद ग्रहण करते हैं। इसके उपरांत ही अगले दो दिन के कठिन निर्जला व्रत की शुरूआत होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, खरना का व्रत आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का प्रतीक है। कहा जाता है। इस दिन मन, वचन और कर्म की पवित्रता से सूर्यदेव और छठी माई की कृपा प्राप्त होती है। मंदिरों और घाटों पर दिनभर छठ गीतों की मधुर ध्वनि गूंजती रही।

# गरीब विकलांग की पत्नी को दबंगों ने साजिशन किया गायब! बेटी को दी जान से मारने की धमकी

## पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय व आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की लगायी गुहार

**अखंड भारत संदेश**



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन का पूरा धीनपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ पुराने रंजिश के चलते गांव के ही दबंग विपक्षियों ने एक गरीब व विकलांग व्यक्ति की पत्नी को साजिशन गायब कर दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र भेजकर इस गंभीर मामले में त्वरित मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित मोहम्मद अकरम पुत्र स्व. कुर्बान अली दाहिने पैर से पोलियोग्रस्त हैं और आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार से ताल्लुक रखते हैं। 10 मार्च 2025 की दोपहर लगभग 2:30 बजे उनकी पत्नी गांव के ही श्याम लाल कश्यप पुत्र विशम्बर की दुकान पर कुछ सामान लेने गयी थीं। बताया जाता है कि आरोपियों का परिवार प्रार्थी की पत्नी को अपने घर के अंदर ले गया और शाम तक रोके रखा। जब देर शाम तक पत्नी घर नहीं लौटी तो अकरम ने आस-पड़ोस व रिश्तेदारों में खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह वह अपने बेटे मोहम्मद सुहेल को बसदेड्या स्थित कॉलेज में परीक्षा दिलाने ले गए। इसी बीच उनकी बेटी सुहाना बानों श्याम लाल के घर यह पूछने पहुँची कि उसकी माँ कहाँ है। वहाँ मौजूद श्याम लाल की पुत्री ने सुहाना को घर के अंदर बुलाया और उसकी माँ से बात कराई। साथ ही माँ का कपड़ा भी मंगवाकर उसे दे दिया। जब सुहाना घर लौटने लगी और अपने पिता को सब कुछ बताने की बात कही, तभी आरोपियों में श्याम लाल, उसकी पत्नी रानी देवी, बेटी मनोरमा और पुत्र महेन्द्र ने सुहाना को मौत के घाट उतार देने की धमकी देकर डरा-धमका दिया। साथ ही यह भी कहा कि अगर उसने अपनी माँ के बारे में किसी को बताया तो पूरे परिवार के साथ गंभीर अनहोनी होगी।

पीड़ित अकरम का कहना है कि विपक्षियों ने उसकी बेटी को डराकर सच छुपाने पर मजबूर किया, और अब उसकी पत्नी का कोई पता नहीं चल रहा है। उनका आरोप है कि विरोधी पक्ष ने पूरी साज़िश के तहत उसकी पत्नी को गायब कर दिया है, जिससे परिवार गहरे सदमे और भय के माहौल में जीने को मजबूर है। पीड़ित अकरम ने मुख्यमंत्री, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व प्रशासन से मांग की है कि आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज कर उनकी पत्नी को सुरक्षित खोजकर न्याय दिलाया जाए। स्थानीय ग्रामीणों का भी कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये, ताकि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# सर्किल में भ्रमण का उद्देश्य है आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाना : एसपी उपाध्याय

## छठ पर्व और सर्किल में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों तथा भीड़भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा के दृष्टिगत एसीपी मेजा रहे भ्रमणशील, दिया शांति व्यवस्था का संदेश



छठ पर्व और सर्किल में शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस टीम के साथ भ्रमण करते एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** छठ पर्व और जगह जगह आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मद्देनजर सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय द्वारा सर्किल क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थान एवं धार्मिक स्थलों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में रविवार को मेजा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा टाईसरैया और समहन गांव के अलावा सर्किल के कई अन्य गांवों में इन दिनों संचालित श्रीराम रामकथा आयोजनों तथा छठ पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा को लेकर एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने कई रामकथा स्थलों का निरीक्षण किये और सुरक्षा व्यवस्था में कोई खलल न उत्पन्न हो इसके लिए उन्होंने सर्किल के जिम्मेदारों को कड़े और आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। बता दें कि टाई सरैया गांव में प्रदीप कुमार सिंह द्वारा आयोजित कराई जा रही रामकथा स्थल पर भी पहुंच एसीपी मेजा ने सुरक्षा प्रबंधन का जायजा लिया और जांच पड़ताल के बाद संबंधितों को जहां दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने स्थानीय पुलिस कर्मियों को भी सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बरतने की हिदायत दिया। गौरतलब है कि कथा स्थलों के निरीक्षण के पश्चात एसीपी एसपी उपाध्याय अपनी पुलिस टीम के साथ प्रमुख बाजारों सोनार का तारा ऊँचडीह रामनगर आदि के अलावा कई अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो का भ्रमण किए। उल्लेखनीय है कि कार्यालय में जनसुनवाई के बाद सहायक पुलिस आयुक्त मेजा का लगातार सर्किल में भ्रमण का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना, आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ साथ सर्किल में पुलिस कर्मियों को सक्रियता का संदेश देना है।

# धर्म की स्थापना के लिए ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में होता है अवतार : धनंजय दास महाराज

## समहन भागवत कथा के चौथे दिन भव्य रूप से मना भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, श्रद्धालु भक्त हुए मंत्रमुग्ध जयकारे से गूंजा पूरा परिसर





भागवत कथा श्रवण के पश्चात गुरु जी का आशीर्वाद लेते श्रद्धालु भक्तगण

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल में प्रसिद्ध भजन ह्यनंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे एवं फूल-माला से भव्य तरीके से सजाया और संवारा गया था। कथावाचक परम- पुज्य श्री धनञ्जय दास जी महाराज ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया। कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है महाराज जी ने आगे कहा कि अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है। उन्होंने कहा जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इतना ही नहीं कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा और श्रीकृष्ण के बाल-रूप की आकर्षक झांकी देख उपस्थित सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे। प्रवचन के क्रम में कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए जिन बच्चों के उपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हर एक माता पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं क्योंकि धार्मिक की कथा सुनने से बच्चों में अच्छे संस्कार आते हैं।

# गंगानगर जोन में समस्त थानों द्वारा दिख रहा नारी शक्ति का नया आयाम

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत चला मिशन शक्ति जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** मिशन शक्ति ही महिलाओं व बेटियों के लिए हो रहा वरदान साबित। आज वर्तमान में बेटियां घर से निडरता के साथ बाहर निकल रही हैं और अपनी लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रही हैं। जिसकी वजह है मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान। यह अभियान जनपद के प्रत्येक थानों द्वारा चलाया जा रहा है। महिलाओं, व बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलम्बन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस आयुक्त प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में रविवार को गंगानगर जोन के थाना थरवई, थाना बहरिया, सोरांव, बहरिया सहित समस्त थानों द्वारा मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बेटियों को जागरूक किया गया। समस्त थानों मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य जगहों व भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाकर उनके सम्मान व अधिकार को दृष्टिगत रखते हुए दिए गए वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, सीएम हेल्प लाइन 1076, पुलिस आपात सेवा 112 व साइबर हेल्प लाइन 1930 के बारे उन्हें बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया की टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा को लेकर जानकरी देकर जागरूक किया गया एवं सोशल मीडिया को सावधानी पूर्वक प्रयोग करने का सुझाव दिया गया। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही



महिलाओं को योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन योजना आदि के बारे बताया जा रहा। इसी दौरान बताया जा रहा अगर महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या है तो वो घबरायें नहीं। अब हर थानों में एक मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गयी है जिसका उद्देश्य है की यह केवल महिलाओं की समस्याओं को सुनने व निस्तारित के लिए बनाया गया है अब महिलाएं सीधे मिशन शक्ति केंद्र पर जाकर अपनी समस्या को खुलकर बता सकती हैं और वहां पर भी एक महिला एस आई को मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी बनाया गया है जो आयी हुई महिलाओं की समस्या को सुनेंगी।

# महिला के साथ अश्लील हरकत मंहगी पड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** थाना कोरांव क्षेत्र के ग्राम सभा अलावा में आरोपी पवन कुमार पाल के ही एक पट्टीदार महिला ने अश्लीलता,छेड़खानी धमकी आदि की रपट थाना समाधान दिवस में दी थी। जिस पर पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर बंद करते हुए जेल भेजे जाने की कार्यवाही की।

### आरोपी पूर्व कोटेदार अल्हवा का पुत्र है पवन कुमार पाल, खीरी और कोरांव थाना सहित नौ दस मुकदमें हैं दर्ज

आरोपी पवन कुमार पाल पुत्र लाल बहादुर पाल के विरुद्ध खीरी और कोरांव थाने में गुंडा एक्ट आदि अपराधिक केस दर्ज हैं। एक दो मामलों में जेल भी गया था। जमानत कर छूटा है। आरोपी अपने को कहीं वकील तो कहीं पत्रकार तो कहीं किसी न किसी दल का नेता बताता हैं। सायबर अपराध जगत से भी नाता है। उक्त आरोपी आर टी आई 2005 के तहत कुछ विभागों से नकल ले ले कर आय व्यय की सूचना लेने और शिकायत की धौंस दे दे कर अवैध वसूली करना उसका धंधा बन गया है। ग्राम प्रधान से भी कई बार कार्य की जांच न करने या शिकायत वापिस लेने के लिए फरमाइश भी करता है। इस के पूर्व भी कई महिलाओं को परेशान करने जैसे मुकदमें दर्ज हुए हैं। जमानत कराई है। कुछ पुलिस दरोगा सिपाहियों से संत गांठ भी रखने के आरोप हैं। जिससे पुलिस वाले उसे सतर्क कर देते हैं। अभी हाल में एक अदालत से गैरजमानती वारंट एस सीएसटी केस का कोर्ट से आया था पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया बल्कि उसे सचेत कर दिया गया कि जमानत करा लो नहीं जेल भेजना होगा। इलाकाई एक दरोगा ने गिरफ्तार न करने के लिए उसकी सहायता की थी।

इस मामले में उच्च अधिकारियों तक शिकायतें हुईं। और हस्तक्षेप किया।

# अरैल में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य कलश शोभा यात्रा संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी अरैल नन्दन तालाब में भव्य कलश शौभा यात्रा प्रारंभ होकर रामनगर कृष्णा नगर शिवनगर सैनिक कालोनी होते हुए कथा स्थल पर जाकर समाप्त हुआ।

आपको बताते चले कि यह भागवत कथा कल यानी 27 अक्टूबर सोमवार से कथा प्रारंभ होकर 2 नवम्बर तक चलेगी और 3 नवम्बर को भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया है। जिसमे कथा व्यास जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज एवं मुख्य यजमान कुसुम मिश्रा राजदुलारी मिश्रा. गुरु महाराज रामचरित पांडेय. स्मृतिशेष शालिग्राम मिश्र कार्यक्रम आयोजक अजय मिश्रा पीलू, के संगीतमय भागवत कलश यात्रा में अरैल पार्षद प्रदीप महरा सरिता देवी, अनिल मिश्र प्रबंधक अंकित विद्या निकेतन इंटर कॉलेज पूर्व प्रधान मुरली निषाद, शिव शंकर दीक्षित, बृजेश मिश्र, कमलेश मिश्र, शैलेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, अखिलेश तिवारी, लल्लू कुशवाहा उपस्थित रहे।

# बदमाशों की फायरिंग में युवक घायल आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

## एएसपी ने मौके का निरीक्षण कर कोतवाली पुलिस की कसी लगाम

**अखंड भारत संदेश**





**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोविन्दपुर पूरे अनिरूद्ध गांव में बदमाशों द्वारा युवक को गोली मारने की घटना से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय मौके पर पहुंचे। एएसपी के पहुचंने के पहले सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटना को लेकर पांच नामजद तथा एक अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के गोविन्दपुर पूरे अनिरूद्ध गांव के कमलेश कुमार तिवारी के पुत्र कुलदीप तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अक्टूबर को रात करीब पौने आठ बजे बाइक सवार पांच छह बदमाश उसके घर के समीप जानलेवा हमला बोल दिया। आरोपी मनऊदुबे का पुरवा गांव के मंनदीप द्विवेदी पुत्र रामजी द्विवेदी, वीरसिंहपुर जंगल निवासी राजा तिवारी पुत्र राकेश तिवारी व गोविन्दपुर निवासी राज द्विवेदी पुत्र राजेश द्विवेदी तथा वीरसिंहपुर के अमन सिंह एवं एक अज्ञात ने उसपर जानलेवा हमला किया। आरोपियों द्वारा फायरिंग में पीड़ित को छाती व सिर पर गोली लग गयी। पुलिस ने तहरीर पर शनिवार की देर रात केस दर्ज किया। पुलिस ने घटना से जुड़े कुछ संदिग्धों को पूंछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है। हमले में घायल कुलदीप तिवारी को आनन फानन में लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां पुलिस की देखरेख में प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजवाया गया। वहां भी घायल युवक की स्थिति नाजुक देख उसे प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। रविवार को भी घायल का प्रयागराज में इलाज जारी बताया गया। घटना की जानकारी पर एएसपी बृजनंदन राय देर रात गोविन्दपुर गांव पहुंचे। एसपी ने लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा तथा कोतवाल आलोक कुमार को आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ घटना के खुलासे को लेकर कड़े निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घायल युवक के खिलाफ भी आपराधिक केस दर्ज है। वहीं उन्होने बताया कि मुख्य आरोपी मंदीप के खिलाफ भी गैंगेस्टर समेत कई मुदकमे दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक घटना को लेकर विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। वहीं गांव में गोली बारी की घटना को लेकर रात भर अफरा तफरा का माहौल दिखा। रविवार को भी पुलिस आरोपियों की तलाश में मशक्कत करती देखी गयी।

## न्यूज झरोखा

### भगवान को सबसे प्रिय है भक्ति : आचार्य नीरज कृष्ण



### भवानीगढ़ में श्रीमदभागवत कथा में प्रसंगों को सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के ओझा का पुरवा भवानीगढ़ में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में रविवार को प्रहलाद चरित्र व समुद्र मंथन तथा श्रीराम कथा एवं कृष्णावतार समेत भगवान द्वारिकाधीश के लोकावतार की कथा सुनकर भक्त मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य नीरज कृष्ण पाण्डेय जी महराज ने कहा कि जीवन में सदैव कर्म की प्रधानता हुआ करती है। उन्होने कहा कि मनुष्य के कर्म से ही उसे स्वर्ग व नरक की प्राप्ति हुआ करती है। कथावाचक नीरज जी ने बताया कि भगवान जगत के उद्धारक हैं। उन्होने कहा कि भगवान को सबसे ज्यादा भक्ति प्रिय है। उन्होने बताया कि भक्ति जिस रूप में की जाती है उसी रूप में भगवान उसे स्वीकार भी किया करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति सच्चे मन से अनुराग रखने पर जीवन को कभी भी दुख की अनुभूति नही हुआ करती। आचार्य नीरज कृष्ण जी ने ध्रुव चरित्र तथा प्रियव्रत चरित्र जैसे प्रसंगों को रखते हुए कहा कि जीवन का भार सदैव भगवान को समर्पित करना चाहिए। भगवान के बतलाये रास्ते पर चलते हुए जीव समस्त लोको में मंगल सुख प्राप्त किया करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी ने गीता में यह उपदेश दिया है कि जन्म और मृत्यु के चक्रव्यूह में उलझने की जगह मनुष्य को जीवनकाल मे सदकर्म को अपना आधार बनाना चाहिए। उन्होने कहा कि सदकर्म और नीति का आचरण अन्तःकरण को पवित्र रखता है। कथा के दौरान भगवान राधेकृष्ण के मनमोहक भजनों को सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में निहाल दिखे। कथा के संयोजक पूर्व प्रधान रामकरन ओझा ने समाजसेवी रामखेलावन ओझा व लक्ष्मी नारायण ओझा के साथ व्यासपीठ का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन किया। कलावती एवं शिवकुमारी ने स्वागत तथा विजय ओझा ने आभार जताया। इस मौके पर अजीत मिश्र, हरभजन शुक्ला, परशुराम क्रोधी, वीरेन्द्र ओझा, राघवेंद्र ओझा, सुरेन्द्र ओझा, आल्हा पाण्डेय, देवतादीन यादव, डा0 त्रिभुवन चैबे, महावल सरोज आदि रहे।

### मदरसे से भागे तीन छात्रों को पुलिस ने किया बरामद

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के अरबिया सिराजुल उलूम मदरसा रायपुर पट्टी से तीन छात्र दोपहर में अचानक लापता हो गए थे। इसकी जानकारी मिलते ही मदरसा संचालक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पट्टी पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने खोज-बीन शुरू की और कुछ ही घंटों में तीनों छात्रों को सदहा जंगल से सकुशल बरामद कर लिया।पुलिस के अनुसार, तीनों छात्र अलग-अलग जनपदों के निवासी हैं। बरामदगी के बाद तीनों को सुरक्षित कोतवाली लाया गया।मदरसा संचालक ने बच्चों के मिलने पर पट्टी पुलिस का आभार व्यक्त किया। बाद में पुलिस ने तीनों छात्रों को उनके परिजनों और मदरसा संचालक को सौंप दिया।

### आरोपी के खिलाफ पीड़ित ने दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** चैरिहन का पुरवा भटनी निवासी विवेक तिवारी पुत्र अंजनी तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी द्वारा रंजिशन उसके घर की तरफ सीसी टीवी लगवाकर हैरान व परेशान किया जा रहा है। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि आरोपी द्वारा इन कैमरों के जरिए घर के आंगन की तरफ लगवाकर आवांछित रिकार्डिंग की जा रही है। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की दृष्टि से इंसाफ की फरियाद की है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकार की हत्या व पत्रकारों पर हमले की संगठन ने की निंदा

### बैठक कर दिवंगत पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

**पट्टी।** पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, पुलिस महानिदेशक के आदेश के बाद भी लगातार हो रहे हमले की पत्रकार संगठनों ने बैठक कर कडी निन्दा की है। गुरुवार की रात प्रयागराज जनपद की वरिष्ठ पत्रकार एलएन सिंह उर्फ पप्पू सिंह (54) की सिविल लाइन में रात 9 बजे हर्ष होटल के सामने चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी गई। वरिष्ठ पत्रकार की हत्या के बाद जनपद के पट्टी तहसील के पत्रकार संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लख रुपए की आर्थिक सहायता देने सरकारी नौकरी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए जाने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ प्रतापगढ़ जनपद के सांगीपुर थाना क्षेत्र के पत्रकार आर आर पांडे पर दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर हमला कर दिया था। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सांगापट्टी गांव में खबर संकलन करने गए पत्रकार के साथ एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा जानलेवा हमले में पत्रकार विशाल तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए इन तीनों घटनाओं के विरोध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई प्रतापगढ़ पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज प्रेस क्लब प्रतापगढ़ अखिल भारतीय पत्रकार महासंघ सहित अन्य पत्रकार संगठनों ने पत्रकार की हत्या तथा पत्रकारों पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए दिवंगत पत्रकार एल एन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। बैठक में पत्रकारों ने कहा कि जनपद में पत्रकार किसी तरह से सुरक्षित नहीं है, पुलिस से शिकायत करने पर उल्टा पत्रकार के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी जाती है। सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय मुख्यमंत्री पुलिस महानिदेशक के आदेश के बावजूद भी पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार व अमर्यादित टिप्पणी की जा रही है।बैठक में ग्रापए के जिला अध्यक्ष रंजन त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष बालेंद्र भूषण पांडे, शिवाकांत पांडे, परशुराम ओझा, वरिष्ठ पत्रकार बृजेश सिंह, विजय पाठक,राकेश तिवारी, रविंद्र मिश्रा, विनोद तिवारी, अंकित पाठक, शकील अहमद, सत्यनारायण खंडेलवाल, अजीत तिवारी, संतोष कुमार, सहित सैकड़ो पत्रकार तथा पत्रकार संगठन के अध्यक्ष एवं तहसील अध्यक्ष मौजूद रहे।

## छठ महापर्व की तैयारियां जोरो पर

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** सूर्योपासना और लोक आस्था के पावन पर्व छठ की तैयारियों में इन दिनों पट्टी नगर में जोरों पर है। पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। नगर पंचायत क्षेत्र के पुरानी पट्टी पार्क में सोमवार को भव्य छठ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी की कमान बजरंग दल के जिला संयोजक प्रिंस बरनवाल, वार्ड अध्यक्ष सुजीत गुप्ता, मंत्री राजू सोनी, राजकुमार सोनी और विकास गुप्ता के नेतृत्व में पूरी तन्मयता से संभाली जा रही है। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।प्रिंस बरनवाल ने बताया कि ह्लछठ महापर्व हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है। यह केवल पूजा नहीं, बल्कि अनुशासन, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। यह पर्व समाज को एकता, संयम और स्वच्छता का संदेश देता है। हम सभी का प्रयास है कि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजन कर सकें और नगर में भक्ति का वातावरण बना रहे। वहीं सुजीत गुप्ता ने इस पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्लछठ पूजा हमारे लोकजीवन से गहराई से जुड़ा उत्सव है। इसमें लोकगीत, पारंपरिक व्रत कथा और सामूहिक सहयोग की भावना झलकती है। यह पर्व न केवल श्रद्धा का प्रतीक है बल्कि समाज में आपसी मेल-जोल और सहयोग का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। आयोजको ने सभी लोगों से छठ पूजन कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की है।

### शैक्षिक सेमिनार में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**प्रतापगढ़।** महिला कल्याण समिति के तत्वाधान में डॉ आंबेडकर फाउंडेशन द्वारा महान संत नामदेव की जयंती पर रविवार को शैक्षिक सेमिनार का आयोजन गोकुल सिंह स्मारक महाविद्यालय चिलबिला में किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सेमिनार में डॉ श्याम शंकर शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार सिंह डीएलएड विभाग अध्यक्ष के रूप में रहे।विशेष अतिथि महाविद्यालय डायरेक्टर मुराद अहमद रहे। वक्ताओं द्वारा महान संत नामदेव के विचारों एवं उनके सामाजिक योगदान पर अपने विचार रखें। छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में कीर्ति सिंह, सोनी प्रथम, खुशबू प्रजापति द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर अलीना रही। कला प्रतियोगिता में माहिबा इदरीसी प्रथम शिल्पा देवी द्वितीय वह फायरोज इकबाल तृतीय स्थान पर रही। कल्चरल प्रतियोगिता में क्रमशः संध्या प्रजापति प्रथम अनन्या द्वितीय एवं अंचल ने तीसरे स्थान पर बाजी मारी। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहम्मद बिलाल, पम्मी मिश्रा, सोनिया गुप्ता, मोहम्मद इश्तियाक, एडवोकेट रूप आशी सलीम रूपा आदि मौजूद रहे।

## धीरज दुबे संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निर्वाचित, जताई गई खुशी



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के तहत संविदा कर्मचारी संघ के हुए चुनाव में धीरज दुबे निविरोंध अध्यक्ष चुने गए। वहीं कर्मचारियों ने आम सहमति से रीतेश तिवारी उपाध्यक्ष तथा अभिषेक तिवारी को संघ का मंत्री चुना है। एसडीओ विद्युत कार्यालय में भी कर्मचारियों की बैठक में पदाधिकारियों के निविरोंध निर्वाचन से खुशी का माहौल देखा गया। नवर्निवाचित अध्यक्ष धीरज दुबे ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि वह संगठन की मजबूती के साथ कर्मचारी हितों को लेकर संधर्ष को तेवर प्रदान करेंगें। निर्वाचित पदाधिकारियों को कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर नागेश्वर दुबे विपिन दुबे, संतोष शुक्ला, लव तिवारी, अहमद अली, सुनील कोरी, रामेन्द्र मिश्रा, तीर्थराज आदि रहे। एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

### भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज प्रांगण में कथा को लेकर रविवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। वही भजन व संकीर्तन के आयोजन मे भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। द्वारिकाधीश के जयघोष के साथ भण्डारे मे श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकान्त ओझा, ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भी भण्डारे में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दरबार का पूजन अर्चन किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल भण्डारे मे शामिल हुए। संयोजक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने श्रद्धालुओ का स्वागत किया। इस मौके पर दयाशंकर पाण्डेय, डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा, डॉ0 बीएन द्विवेदी, उमाशंकर मिश्र, प्रदोष नारायण सिंह, केशवराम ओझा, अनिल त्रिपाठी महेश, पूणार्शु ओझा, शिवकृपाल शुक्ल, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी आदि रहे।

## दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव व मेले का आयोजन 30 व 31 अक्टूबर को-डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक तथा उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 30 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से कृषि भवन प्रतापगढ़ (कटरा रोड शैल श्याम पैलेंस के सामने) के परिसर में दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सवध्मेला तथा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बंधित क्रिया कलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनीध्स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को दी जायेगी। कार्यक्रम के माध्यम से कृषको को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु मिलेट्सध्पौष्टिक अनाज के उपभोग के प्रति जागरूक किया जायेगा जिसमें समस्त विभागों से प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनो (एफ०पी०ओ०) के सदस्यो की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होने जनपद के कृषक बन्धुओं से अनुरोध किया है कि जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सवध्मेला तथा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में अवश्य प्रतिभाग करें।

### रास्ते के विवाद में ससुर बहू की पिटाई, शिकायत

**पट्टी।** आबादी की भूमि पर जबरन रास्ता बनाने के विवाद को लेकर दबंगों ने ससुर व बहू को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया।पीड़िता ने मामले की शिकायत 112 पुलिस से की। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर चलीआई। पीड़िता ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रार्थना पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर किठौली गांव के रहने वाले राम कैलाश पांडे ने रविवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि उसकी भूमि पर पड़ोसी सुबह जबरन रास्ता बनाने लगे। जब वह विरोध करने के लिए गया तो उसे लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। यह सब देख, बहु प्रीति पांडे बीच बचाव करने के लिए आई तो उसे भी लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया।इस मार-पीट में ससुर व बहू को गंभीर चोटे आई, पीड़िता ने मामले में नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**





**पट्टी।** ढिंढुई पट्टी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। कथा स्थल पर भक्ति संगीत, शंखनाद और हरिनाम के जयघोष से वातावरण पवित्र हो उठा। कथा व्यास पंडित मनीष गौतम शास्त्री ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की मनमोहक लीलाओं का विस्तृत वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि ह्लजब इंद्र ने अहंकार में आकर ब्रजवासियों पर वर्षा की वर्षा की, तब बालक रूप में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी ऊँगली पर धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि जब मनुष्य सच्चे मन से भक्ति करता है, तब ईश्वर स्वयं उसकी रक्षा के लिए उतर आते हैं।ह्ल पंडित मनीष जी ने व्याख्यान के दौरान यह भी बताया कि श्रीकृष्ण की हर लीला मानवता के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ह्लइंद्र का अहंकार टूटने का अर्थ यह है कि सत्ता और वैभव भी विनम्रता के आगे झुकते हैं। गोवर्धन पूजा यह संदेश देती है कि प्रकृति और भगवान एक हैं, और हमें दोनों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। कथा के बीच-बीच में भजन संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति में मग्न कर दिया। ह्लगोवर्धनधारी लाल की जयह्ल, ह्लश्याम नाम का मधुर गानह्ल जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। महिलाएं आरती की थाल लेकर भगवान की आराधना में लीन रहीं। बच्चे श्रीकृष्ण के रूप में सजे दिखाई दिए जिससे वातावरण और भी मनमोहक बन गया। कथा के अंत में पंडित मनीष गौतम शास्त्री ने कहा कि ह्लभागवत कथा का श्रवण केवल धर्म नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का माध्यम है। भगवान श्रीकृष्ण हमें सिखाते हैं कि सच्ची शक्ति भक्ति, करुणा और सत्य में निहित है। इस अवसर पर मुख्य यजमान तारा सिंह, जयप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, विजयजीत सिंह, सत्यजीत सिंह, सिद्धांत सिंह, आदर्श सिंह, आदित्य आनंद, अनुज, शाश्वत, हर्षित, वंशराज, गौरव, अभिषेक, उदय, नीतीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नेत्र रोगियो की जांच कर आपरेशन के लिए किया गया चयनित

### शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अफसाना बानो द्वारा 186 मरीजों की जांच की गई। जिनमें से 22 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के गोगहर स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर कुटिया धाम में रविवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज व उतरार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव के संयोजन में राजीव आई हॉस्पिटल, प्रयागराज द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अफसाना बानो द्वारा 186 मरीजों की जांच की गई। जिनमें से 22 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया, जबकि शेष मरीजों को आई ड्रॉप व चश्मा वितरित किया गया।इस अवसर पर विनोद यादव, भोला श्रीवास्तव, विनोद पांडेय, विमल द्विवेदी, पूर्व बीडीसी रामसुमेर पाल, कोटेदार दुर्गेश विश्वकर्मा, विपिन यादव, संदीप यादव, बीडीसी घनश्याम सरोज, शिव बहादुर सरोज, जगदीश सरोज, अतीश शुक्ल, भैयाराम यादव आदि मौजूद रहे।

# खाली घर से सोना चांदी नगद सहित 4 लाख का सामान उठा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**




**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के अयोध्या का पूरा गांव में वीरेंद्र सिंह पुत्र केशव प्रसाद ने गांव में नया घर बनवाया है और अपनी गृहस्थी नए घर में रख दिया है लेकिन अभी उनका रहना पुराने घर में हो रहा है 25 अक्टूबर को खेत से धान के फसल की कटाई करके वह पुराने घर में गए थे इसी बीच मौका पाकर उनके नए घर में दीवार फांदकर कर अंदर घुसे चोरों ने पूरे घर को कंगाल दिया है घर में रखे अलमारी बक्सा का ताला तोड़कर सोने की 3 अंगूठी मंगलसूत्र झुमका माथ बेंदी सहित लगभग तीन तोले से अधिक सोने का जेवर और दो सौ ग्राम से अधिक चांदी का जेवर चोर उठा ले गए हैं घर में रखा 20 हजार रुपए नगद सहित अन्य सामान भी आराम से चोर उठा ले गए हैं घटना की जानकारी परिवार के लोगों को सुबह हुई है अलमारी का ताला टूटा था घर के सामान बिखरे पड़े थे तो उनके होश उड़ गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है जांच पड़ताल के लिए पुलिस मौके पर पहुंची है और औपचारिकता निभाकर पुलिस लौट आई है जांच पड़ताल के नाम पर पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया भी है लेकिन चोरी की घटना का खुलासा नहीं हो पाया है चोरी गया सोने चांदी का जेवर बरामद नहीं हो सका है जिससे परिवार के लोग परेशान हैं।

## 5 वर्षीय गायब बच्चा को आधे घंटे में पुलिस ने खोजकर माता-पिता को सौंपा

**कौशाम्बी।** कड़ा घाम थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव से एक बच्चा उम्र लगभग 5 वर्ष 26 अक्टूबर को गायब हो गया 2 बजे थाना में सूचना दी गई कि बच्चा अपनी दादी के साथ बाजार आया था, सैनी चौराहे पर गुम हो गया है। सूचना पर थाना सैनी पुलिस और मिशन शक्ति टीम सैनी ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चे की खोज शुरू की।पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम के कुशल प्रयासों के परिणामस्वरूप मात्र 30 मिनट में बच्चा खोज लिया गया और उसकी मां एवं दादी को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया।इस सफल कार्रवाई पर परिजनों ने पुलिस टीम और मिशन शक्ति टीम की सजगता की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

# मिट्टी की खुदाई के दौरान निकली हनुमान जी की एक अति प्राचीन मूर्ति

## ग्रामीणों ने शुरू किया पूजा पाठ



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बंधवा गांव में रविवार की सुबह मिट्टी की खुदाई के दौरान हनुमान जी की एक प्राचीन मूर्ति मिली है। मूर्ति मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पूजा-अर्चना शुरू कर दी।यह मूर्ति गांव के दौलत राम के घर की भराई के लिए तालाब के पास हो रही खुदाई के दौरान मिली है। मजदूरों द्वारा खुदाई करते समय अचानक फावड़ा लगने से एक प्राचीन धातु की मूर्ति सामने आई। मजदूरों ने उसे साफ किया तो वह हनुमान जी की प्रतिमा निकली। अति प्राचीन हनुमान जी की मूर्ति निकलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मूर्ति को अपने कब्जे में ले लिया और पुरातत्व विभाग को इसकी जानकारी दी है,मूर्ति किस धातु की बनी हुई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# ससुराल आए व्यक्ति पर लाठी डंडे रॉड से हमला कर किया घायल

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जाफरपुर महावा गांव में सैफी खान की ससुराल रियाज खान के घर में है सैफी खान अपने ससुराल जाफरपुर महवा गांव गए थे उनकी ससुराल में शादी का कार्यक्रम था गांव के मजहर हुसैन शहंशाह सब्बर रानू आदि लोगों ने रविवार को लाठी डंडा लोहे के रॉड से सैफ अली खान को बेरहमी से मारा पीटा है जिससे सैफी खान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घटना की सूचना सैफी खान के साले सादात खान ने थाना पुलिस को देते हुए बताया कि दबंगों ने लाठी डंडा लोहे के रोड और लोहे की बाल्टी से सैफी खान को बेरहमी से मारा पीटा है जिससे उनके सर शरीर में गंभीर चोट है और गंभीर अवस्था में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हमले का वीडियो भी किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

# प्रदेश के मंत्री औद्योगिक विकास ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

## भू-माफियाओं को चिन्हित कर, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

### गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** प्रदेश के मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन एन.आर.आई. एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को उदयन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में मंत्री जी ने कहा कि जनपद कौशांबी में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने के लिए भूमि चिन्हित कर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय। कोई भी शिकायत लंबित न होने पाए। उन्होंने सी.एम. युवा उद्यमी योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिक से अधिक लोगों को बैंकों से ऋण उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपना स्वयं का उद्यम स्थापित कर सके व और लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा सके।मंत्री जी ने सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्धारित समय में ही खराब ट्रांसफार्मर को बदलवा दिया जाय तथा निर्धारित समय अवधि तक सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने जनपद में स्थित सभी गौ-आश्रय स्थलों में भूसा-चारा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष शत- प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लम्बित राजस्व वादों,विशेष कर धारा-24 एवं धारा-34 के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने भू-माफियाओं को चिन्हित कर,उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, तहसील दिवस एवं थाना दिवस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण किया जाय।

मंत्री जी ने पुलिस अधीक्षक से जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विवेचनाओ की नियमित रूप से समीक्षा की जाय,ताकि विवेचना अधिक समय तक लंबित न होने पाए। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र में फूट पेट्रोलिंग किया जाय तथा दुकानदारों/व्यापारियों से संवाद भी किया जाय कि, उन्हें कोई परेशान तो नहीं कर रहा है।मंत्री जी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक तैयारियों- पदयात्रा मार्ग पर एंबुलेंस की उपलब्धता,यातायात की सुचारू एवं आवश्यकता के अनुरूप विद्युत तारों को ऊंचा कराए जाने आदि कार्य समय से पूर्ण करा लिया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में निमार्णाधीन निर्माण कार्यों-राम वनगमन मार्ग की प्रगति, प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशांबी मार्ग की प्रगति, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कंप्यूटर लैब व अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्यों की प्रगति, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में ट्रांजिट हॉस्टल आदि के निर्माण कार्य की प्रगति, अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य की प्रगति, नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य की प्रगति सहित आदि निर्माण कार्यों की प्रगति से मंत्री को अवगत कराया इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर,सदस्य उ.प्र.राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा,भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी, अध्यक्ष नगर पंचायत अजुहा शान्ति देवी कुशवाहा, रमेश अग्रहरि, प्रवेश केशरवानी तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## नाबालिक बालक ने चोरी की दो बड़ी घटनाओं को दिया गया, चोरी के बाल अपचारी को करारी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में चोरी की दो बड़ी घटनाओं को नाबालिक बालक ने अंजाम दिया है पुलिस ने आरोपी बालक को अपने अभिरक्षा में ले लिया है नाबालिक बच्चों में अपराध की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है कहीं चोरी की घटनाओं में नाबालिग बच्चे शामिल होते दिखाई पड़ रहे हैं तो कहीं बालिकाओं को भागने में नाबालिग बच्चों का नाम सामने आ रहा है जो बड़ी चिंता का विषय है करारी थाना क्षेत्र के फूलचन्द्र सरोज पुत्र मोतीलाल सरोज के घर 23 अगस्त की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा सेंध काटकर रुपये व तीन बोरी गेंहू चोरी कर ले गया है थाना करारी पर मु0अ0सं0 269/2025 धारा 331(4)/305ए बीएनएस पंजीकृत हुआ दिनांक 17.09.2025 को थाना करारी पर अभिषेक कुमार पुत्र रामनारायण केशरवानी ने सूचना दी कि बीती रात्रि में उनके घर से गेंहू एवं खाद की बोरी चोरी कर ली गयी है जिसमें थाना करारी पर मु0अ0सं0 298/2025 धारा 331(4)/305ए/324(4) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम मे थाना करारी पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आए बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात बाल अपचारी को न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया ।

## कलश यात्रा निकालकर हुई शिवलिंग की स्थापना



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के हिसामपुर परसखी गांव में रविवार को शिव हनुमान मंदिर सेवा संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सर्वप्रथम उपस्थित श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र गंगाजल भरकर सिर पर कलश को रखकर पूरे गांव में भी भ्रमण कर दक्षिणमुखी बजरंगबली के दरबार में आकर कलश यात्रा समाप्त हुई। यात्रा में वैदिक मंत्रों और भजनों का लगातार संगीतमय ध्वनि के साथ जाप किया गया। उसके बाद मंदिर परिसर में विधि विधान से अनुष्ठान, मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कर उनकी स्थापना की गई। संस्थान के अध्यक्ष अमरीश पांडेय ने कहा कि आज के दिन कलश यात्रा और भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विधि विधान से सम्पूर्ण हो गया। सोमवार को अखंड रामायण का मानस पाठ प्रारम्भ होगा और मंगलवार को रामायण का समापन और भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कलश यात्रा और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मनीष पांडे, गिरीश भाई पटेल, पंकज पांडे, सुरजीत साहू सहित हजारों भक्त शामिल रहे।

## पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में चला स्वच्छता अभियान

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 26 अक्टूबर को जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं कार्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत सभी पुलिसकर्मियों द्वारा थाना परिसर, कार्यालय भवन, अभिलेख कक्ष, मालखाना, हवालात, आवासीय परिसर, शौचालयों आदि की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पुलिस कर्मियों ने श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया तथा कूड़ा-करकट का निस्तारण किया।इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा के भाव को आत्मसात करते हुए पुलिस कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि प्रतिदिन साफ-सफाई बनाए रखेंगे और स्वच्छ वातावरण में कार्य करेंगे।साथ ही आम जनमानस को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री राजेश कुमार द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अतः थाना परिसर को सदैव स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखें।यह सफाई अभियान आगे भी प्रत्येक रविवार को निरंतर जारी रहेगा।

## चायल प्रेस क्लब इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** चायल प्रेस क्लब इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को चायल में संपन्न हुआ उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार ने सभी पदाधिकारी को पद एवं गोपीनाथ की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में प्रेस क्लब कौशांबी के संरक्षक रमेश चंद अकेला, अध्यक्ष बृजेश गौतम, चुनाव प्रभारी मनोज दुबे, उपाध्यक्ष सतीश गोयल ,संगठन मंत्री अशोक केशरवानी, आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन अभिसार ने किया प्रेस क्लब चायल इकाई में निर्वाचित अध्यक्ष सईदुर्रहमान मुन्ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष लवकुश यादव,उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा,महामंत्री गुलाम हसन, मंत्री शिवराज यादव,कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध उपाध्याय, संगठन मंत्री अजय द्विवेदी,संयुक्त मंत्री मदन केसरवानी,प्रचार मंत्री निरंजन कार्यालय मंत्री त्रिभुवन लाल,कार्यकारिणी सदस्य अनूप केशरवानी,राकेश मिश्रा, मानसिंह, मोहम्मद ईशान, परवेज आलम, वरुणेश पदाधिकारी निर्वाचित हुए और निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ ग्रहण कराया गया है क्षेत्र के पत्रकारों ने नवनिर्वाचित क्लब के पदाधिकारियो को बधाई दी है।

# तेज रफ़्तार डंफर ने शंखनाद के चबूतरे पर मारा जोरदार टक्कर, हुआ क्षतिग्रस्त

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद के प्रत्येक चौराहों पर महापुरुषों देवी देवताओं की मूर्तियों को अच्छे पत्थरों से सजवाकर चबूतरा बनवा कर स्थापित करवा रही है जिससे जनपद के चौराहों की शोभा बढ चढकर शोभायमान हो जाय लेकिन जनपद में तेज रफ्तार से चल रहे डंपरों से शासन प्रशासन भी शायद हारी मान ली है क्योंकि आए दिन तेज रफ्तार डंफरो से जनपद में कहीं न कहीं घटनाएं घटती रहती है और इन डंफरों पर शासन प्रशासन अंकुश लगाने में नकाम साबित हो रहा है।इसी क्रम में रविवार के दिन समय लगभग एक बजे ओसा चौराहा की तरफ से तेज रफ्तार डंफर यूपी 96 टी 6465 ने समदा चौराहे पर बने शंखनाद के चबूतरे पर जोरदार टक्कर मार दी। डंफर के जोरदार टक्कर लगने से शंखनाद का चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया जहां लाखों रूपए का भारी नुकसान हुआ है। चौराहे पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने दौड़ कर डंफर को पकड़ कर अपने कब्जे में करके निकटतम पुलिस चौकी कादीपुर के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ओसा चौराहा की तरफ से तेज रफ्तार डंफर जैसे ही समदा चौराहे के शंखनाद चौराहे के पास आ पहुंचा तभी मंझनपुर की ओर से एक कार गुजरी जिसे बचाने के लिए डंफर के चालक ने शंखनाद के चबूतरे पर जोरदार टक्कर मार दी हालांकि यह तो जांच का विषय है लेकिन दुर्घटना में नवनिर्मित चबूतरा ध्वस्त हो गया जिससे सरकार को लाखों का नुकसान हुआ है।

# लेखपाल संघ का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित साधना सिंह बनीं अध्यक्ष

### नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन, संघ के हितों की रक्षा का लिया संकल्प



**कड़ा कौशांबी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, शाखा सिराथू-कौशांबी की नई कार्यकारिणी का चुनाव रविवार, 26 अक्टूबर 2025 को सर्वसम्मति और निर्विरोध रूप से संपन्न हो गया। संघ के उप तहसील सिराथू के नवीन कार्यालय पर आयोजित बैठक के बाद सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध घोषित किया गया।चुनाव अधिकारी मंडल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी की, जिसमें श्रीमती साधना सिंह को निर्वाचित अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ ही रवि कुमार विश्वकर्मा निर्विरोध वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अमर शाह निर्विरोध कनिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

लेखपाल संघ की नई टीम में शिव शंकर पाल को निर्वाचित मंत्री हिमांशु श्रीवास्तव को उपमंत्री शरद चन्द्र को कोषाध्यक्ष और नरेन्द्र सिंह को आय व्यय निरीक्षक के पद पर निर्विरोध चुना गया है।सिराथू तहसील लेखपाल संघ के उप-चुनाव अधिकारी ज्ञान सिंह पाल जिलाध्यक्ष उ.प्र. लेखपाल संघ कौशाम्बी और सहायक चुनाव अधिकारी जाला सिंह यादव जिला मंत्री उ.प्र. लेखपाल संघ कौशाम्बी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और बताया कि सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है, जो संघ की एकजुटता को दशार्ता है।नई कार्यकारिणी के गठन पर लेखपाल संघ के सदस्यों ने खुशी जाहिर की और नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह समेत पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने इस अवसर पर संघ के हितों की रक्षा करने और लेखपालों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# महिला सुरक्षा को समर्पित कौशांबी पुलिस मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत चला जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद राजेश कुमार के कुशल निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं संबंधित क्षेत्राधिकारी गण तथा समस्त थाना प्रभारी गण के नेतृत्व में 26 अक्टूबर को जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान महिला थाना द्वारा कस्बा मंझनपुर क्षेत्र में भ्रमणशील होकर महिलाओं व बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण हेतु जागरूक किया गया।थाना कड़ाधाम के शीतला माता मंदिर कड़ाधाम परिसर में महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।थाना मोहब्बतपुर पइंसा के ग्राम गोसेलमपुर में मिशन शक्ति टीम एवं एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।थाना पिपरी के माध्यमिक विद्यालय चायल में छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।थाना संदीपनघाट के ग्राम तेरहमील उमरपुर में महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।थाना सराय अकिल के भगवानपुर चौकी क्षेत्र में महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।थाना कौशांबी के ग्राम नरेन्द्र बारा में मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीम द्वारा महिला जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया।थाना महेवाघाट के ग्राम घोघपुर में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।थाना चरवा के ग्राम अयोध्यापुर एवं चरवा चौराहे पर गुड टच-बैड टच एवं साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी गई।थाना पश्चिम शरीरा के पश्चिम शरीरा कस्बा बाजार में मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं को नारी सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।थाना कोखराज के भरवारी में आयोजित महिला विमर्श कार्यक्रम में महिलाओं को नारी सशक्तिकरण संबंधी जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान महिला मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सशक्तिकरण से संबंधित निम्न प्रमुख बिंदुओं मिशन शक्ति नारी सम्मान नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन पर जानकारी दी गई साथ ही निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमेन पावर लाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई टीमों ने विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड एवं उनसे बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया तथा महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड एवं थाना सीयूजी नंबर की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मरक्षा व जागरूकता के प्रति प्रेरित किया।जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जन-जागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

# पौराणिक ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध कौशांबी में संग्रहालय खोले जाने की आवश्यकता

## वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद चौरसिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर जिले में संग्रहालय स्थापना किए जाने की मांग की है

**कौशांबी।** धार्मिक आध्यात्मिक पौराणिक ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत से कौशांबी जनपद की धरती अत्यंत समृद्ध है जगह-जगह पर ऐतिहासिक मंदिर किले के अवशेष वर्तमान में भी मौजूद हैं जो कौशांबी की प्राचीनता का बखान कर रहे हैं मुस्लिम शासक तमाम मंदिरों को तोड़फोड़ कर उसकी संपत्तियां उठा ले गए मंदिरों को तहस-नहस कर दिया कड़ा स्थित तमाम मंदिर पलहाना घाट गंगा नदी के किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर में औरंगजेब द्वारा आक्रमण कर मंदिर को तोड़फोड़ कर मंदिर से सोने चांदी हीरे जवाहरात मणिक पन्ना जेवरात और खजाना लूट लिए गए इसी तरह और अन्य तमाम मंदिरों में भी तोड़फोड़ लूटपाट किया गया जिले के कड़ा धाम स्थित मां शीतला माता का प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है संदीपन मुनि का ऐतिहासिक तीर्थ स्थल गंगा नदी किनारे स्थित है जहां भगवान श्री कृष्णा और सुदामा ने शिक्षा ग्रहण की थी कड़ा में राजा जयचंद का खंडहर किला शासन अलाउद्दीन जलालुद्दीन की कब्र उनके काल की निर्मित तमाम इमारत के अवशेष आल्हा ऊदल के मामा गंगा ठाकुर का ध्वस्त किला बौद्ध अनुयायियों का महान तीर्थ स्थल पभोषा जैन धर्म संबंधित तमाम तीर्थ स्थल रामचरितमानस की रचना करने वाले गोस्वामी तुलसीदास की पत्नी रत्नावली का मायका कौशांबी के धरती पर खंडहर नुमा स्थित है पांडव वंश के राजा परीक्षित का खंडहर नुमा ऐतिहासिक किला सम्राट अशोक की खंडित स्तंभ और पांडव वंश के कार्यकाल का ऐतिहासिक कई किलोमीटर के दायरे में मौजूद अलवारा की झील ताल कौशांबी में अपनी प्राचीनता प्रदर्शित कर रहा है सैकड़ो वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में स्थित अलवारा की झील कमल के फूल के लिए पूरे देश में विख्यात है कौशांबी की धरती में हजारों वर्ष पहले अथर्व ऋषि ने अथर्ववेद की रचना की अंग्रेजों पर कॉल बनकर टूटे मौलवी लियाकत अली और दुर्गा भाभी की जन्मस्थली पश्चिम पूरब शरीरा का झारखंडी माता का अति प्राचीन मंदिर की स्थापना राजा उदयन के सेनापति ने हजारों वर्ष पूर्व किया था जिसकी भक्तों के बीच आस्था है इसी तरह अढौली का आनंदी माता मंदिर मंझनपुर का प्राचीन दुर्गा माता मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक ऐतिहासिक पौराणिक और सांस्कृतिक समृद्धि की विरासत के खंडहर से कौशांबी की धरती भरी हुई है जैन और बौद्ध धर्म के साथ-साथ हिंदू धर्म के करोड़ों लोगों का प्रत्येक वर्ष कौशांबी जनपद में आगमन होता है।

जिले के कड़ा धाम स्थित शीतला माता के मंदिर में एक करोड़ से अधिक भक्त प्रत्येक वर्ष कड़ा धाम स्थित शीतला माता के दर्शन पूजन के लिए कौशांबी आते हैं लेकिन जिले में एक संग्रहालय की स्थापना अभी तक नहीं हो सकी है जिले के नेताओं जनप्रतिनिधियो और अधिकारियों ने भी संग्रहालय स्थापना की ओर अभी तक सफल प्रयास नहीं किया है जिले में यदि संग्रहालय की स्थापना कर पौराणिक धार्मिक ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत स्थलों के समृद्धि के बारे में पर्यटकों को जानकारी दी जाए तो पर्यटकों की संख्या कौशांबी की धरती में और तेजी से बढ़ सकती है और कौशांबी आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं में यदि 20 प्रतिशत श्रद्धालु कौशांबी के ऐतिहासिकता पौराणिकता धार्मिकता की विरासत संग्रहालय में देखने जाएंगे तो प्रतिवर्ष सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व की आमदनी भी तेजी से बढ़ेगी जिले में आर्थिक आमदनी बढ़ेगी जिससे जिले का विकास तेजी से होगा वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद चौरसिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर जिले में संग्रहालय स्थापना किए जाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

### तेजस्वी के नाम पर मुहर, देर आए, दुरुस्त आए

**बिहार** की सियासत में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पड़ाव आया है। तेजस्वी यादव अब बाकायदा महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिए गए हैं। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लवरू की तेजस्वी यादव से खास मुलाकात हुई, इसमें लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी भी मौजूद थे, तभी तय हो गया था कि अब महागठबंधन में मुख्यमंत्री चेहरा घोषित कर दिया जाएगा। इस मुलाकात के बाद यह भी साफ हो गया कि महागठबंधन बिखर गया है। बीते कई दिनों से एनडीए के नेता लगातार ये बयान दिए जा रहे हैं कि जो लोग अपने गठबंधन को नहीं संभाल पाए, वो राज्य क्या संभालेंगे। दरअसल कांग्रेस, आरजेडी समेत महागठबंधन के ही तमाम लोगों ने यह मौका एनडीए को दिया कि वह उनके मामूली मतभेदों को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करे। महागठबंधन ने सीट बंटवारे का कोई ऐलान नहीं किया, कुछ सीटों पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी दोनों ही उतार दिए गए तो कुछ पर वामदलों के साथ कांग्रेस के मुकाबले की संभावनाएं बनीं। जनअधिकार पार्टी के नेता और सांसद पप्पू यादव खुलेआम कांग्रेस का साथ देते हैं और उनका दावा है कि बिहार में राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी का चुनाव है। पप्पू यादव ने लालू प्रसाद को अभिभावक बताते हुए यह अपील भी कर दी कि जो कांग्रेस की सीटें हैं, वहां राजद के प्रत्याशी न उतारे जाएं। बेशक ऐसा ही होना चाहिए लेकिन पप्पू यादव के इस तरह सार्वजनिक तौर पर बयान देने से बनी हुई बात भी बिगड़ सकती है। कांग्रेस और राजद दोनों ही दलों को अपने कार्यकताओं और नेताओं को सख्त हिदायत देनी चाहिए कि पार्टी लाइन से हटकर कुछ न कहें और खासकर गठबंधन के लोगों के बारे में बिना अधिकृत हुए बयान न दें।

महागठबंधन को यह समझना चाहिए कि उसका मुकाबला केवल दूसरे गठबंधन से नहीं है। बल्कि उस एनडीए से है, जिसका नेतृत्व भाजपा कर रही है। केंद्र से लेकर राज्य की सत्ता उसके हाथ में है। संसाधनों के मामले में वह महागठबंधन से काफी ज्यादा मजबूत है। सारी केन्द्रीय एजेंसियां उसके अधीन हैं और जनसुराज पार्टी, बसपा, एआईएमआईएम जैसे दल भी किसी न किसी तरह भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए ही मैदान में उतरते हैं। ऐसे में महागठबंधन के पास अपनी भावी रुपरेखा दिखाने के अलावा और कुछ खास नहीं बचता है, जिसके आधार पर वह जनता को अपने साथ करे। जनता भी बदलाव चाहती है, लेकिन उसके लिए सामने बेहतर विकल्प होना चाहिए। अगर आपस में ही सारे दल लड़ेंगे तो फिर नुकसान ही होगा। 2019 के चुनाव इसका उदाहरण हैं, जिसमें विपक्ष की एकता कायम नहीं हो पाई। लेकिन 2024 के चुनाव में सब एक साथ टिके रहे तो हालात बेहतर हुए। झारखंड चुनाव में भी कांग्रेस और जेएमएम के साथ लड़ने का फायदा मिला, हालांकि अंदरूनी टकराव वहां भी रहा, फिर भी भाजपा हार गई। अब जेएमएम के लिए एक भी सीट न छोड़कर इंडिया गठबंधन ने उसे नाराज कर दिया है। अगर किसी घटक दल को सीट बंटवारे से बाहर रखना है, तो उसकी भरपाई कैसे हो, इसका इंतजाम इंडिया को करना चाहिए था। लेकिन यहां फिर चूक हुई।

# बिहार में तेजस्वी के नाम पर मुहर मजबूरी भरी स्वीकृति

**-ललित गर्ग-**

**बिहार** विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनाव के सतरंगी रंग देखने को मिल रहे हैं। बिहार की राजनीति में आखिरकार उस घोषणा का रंग भी देखने को मिल ही गया, जिसका सबको इंतजार था। आखिरकार तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय ह्यदेर आए, दुरुस्त आएह्ल की कहावत को चरितार्थ करता है। लंबे समय से इस पर राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस क्या तेजस्वी के नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार करेगी या नहीं? अंततः उसने तेजस्वी पर भरोसा जताया, पर यह भरोसा एक प्रकार की मजबूरी भरी स्वीकृति भी लगती है, न कि उत्साहपूर्ण गठबंधन की रचनात्मक एकजुटता। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत नहीं है, उसने मुख्यमंत्री का चेहरा अनिच्छा से ही उजागर नहीं किया था, इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस अभी भी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म समझने में उलझी है, यह राहुल गांधी की नाकाम राजनीति का भी द्योतक है, ऐसे मामलों में वे अपरिपक्वता का ही परिचय देते रहे हैं।

क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लड़ने की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उसके पास न प्रभावशाली चेहरा है, न जनाधार। हाल के चुनावों में उसका प्रदर्शन लगातार निराशाजनक रहा है। ऐसे में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था कि वह नेतृत्व की भूमिका की बजाय सहयोगी भूमिका निभाए। तेजस्वी यादव के रूप में राजद आज बिहार में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत है। यह भी एक वास्तविकता है कि जिस तरह से नीतीश कुमार का जनाधार खिसक रहा है, तेजस्वी उस रिक्त स्थान को भरने की क्षमता रखते हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले कुछ वर्षों में अपने नेतृत्व को निखारा है। उन्होंने ह्यनौकरी, विकास और सम्मानह्ल जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया है। उनकी भाषा में युवाओं की बेचैनी, बेरोजगारी का दर्द और अवसरों की तलाश झलकती है। बिहार के युवा अब जातीय राजनीति से ऊपर उठकर रोजगार और जीवन की गुणवत्ता के सवाल पूछने लगे हैं, और तेजस्वी इन्हीं सवालों को अपनी ताकत बना रहे हैं। हाल के वर्षों में उनके तेवर में जो परिपक्वता आई है, वह बताती है कि वे अब सिर्फ ह्यलालू के पुत्रह्ल नहीं, बल्कि स्वयं का राजनीतिक ब्रांड बन चुके हैं। उनका ह्यजनादेशह्ल अब सिर्फ परंपरा या पारिवारिक विरासत पर आधारित नहीं है, बल्कि नये बिहार की आकांक्षाओं से जुड़ने की कोशिश है।

एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं



किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है। यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं दिलचस्प है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है। ताजा परिदृश्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के विकास की राजनीति ही बढ़त बनाये हुए है। भाजपा ने बिहार में धीरे-धीरे अपना जनाधार बढ़ाया है, अब भी वह स्वतंत्र चुनाव न लड़कर क्षेत्रीय दलों के सहारे आगे बढ़ रही है। भले ही नीतीश कुमार, जिन्होंने वर्षों तक ह्यसुशासन बाबूह्ल की छवि से राजनीति की, अब थके हुए और अविश्वसनीय से प्रतीत होने लगे हैं। बार-बार गठबंधन बदलने, राजनीतिक अवसरवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उनकी साख को गहरी चोट पहुंचाई है। जनता अब बदलाव चाहती है। यह बदलाव किस रूप में सामने आयेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। यदि यह बदलाव तेजस्वी के नेतृत्व में संभव होता है तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन भी होगा। हालांकि तेजस्वी के चेहरे पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन यह गठबंधन की एकजुटता की गारंटी नहीं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बँटवारे को लेकर असहमति फिर उभर सकती है। बिहार का मतदाता जातीय समीकरणों से प्रभावित रहता है, और भाजपा-जेडीयू गठबंधन इस बिंदु पर अब भी मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा, तेजस्वी को छवि सुधार और जनसंपर्क के नए मॉडल पर भी काम करना होगा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अस्थिरता के पुराने आरोपों से वे अब भी पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं। अगर वे इस बार भी भावनाओं की राजनीति पर अटके रहे, तो जनता का भरोसा खिसक सकता है।

तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनना बिहार की राजनीति में एक जनसांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह निर्णय दिखाता है कि अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र युवा आकांक्षाओं, आर्थिक अवसरों और विकास की बराबरी की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस का झुकना केवल राजनीतिक गणित नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब बिहार में नई पीढ़ी के नेतृत्व से ही राजनीतिक भविष्य तय होगा। तेजस्वी यादव का उदय केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि बदलते समय की पुकार है। बिहार की जनता लंबे समय से ठहरे हुए शासन और खोखले वादों से थक चुकी है। अब वह ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो न केवल सत्ता चाहता हो, बल्कि संवेदना और संघर्ष का प्रतीक भी बने। कांग्रेस ने भले ही देर से यह निर्णय लिया हो, पर यदि महागठबंधन इस घोषणा को एकजुट रणनीति में बदल सके, तो यह बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय खोल सकता है, जहाँ देर आए, पर दुरुस्त आए केवल कहावत नहीं, बल्कि राजनीतिक सच्चाई बन जाए।

तेजस्वी यादव को सीएम पद का प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को जिस तरह डिप्टी सीएम के रूप में आगे लाया गया, उससे उनकी राजनीतिक हैसियत का अनुमान लगता है, लेकिन उनकी पार्टी तो महज 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस उससे चार गुने से अधिक सीटों पर। हालांकि अशोक गहलोत ने यह स्पष्ट किया है कि और भी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे, पर इससे यह संदेश ओझल नहीं होता कि कांग्रेस की राजनीतिक ताकत वीआइपी से भी कम है। निःसंदेह अशोक गहलोत की घोषणा से महागठबंधन और विशेष रूप से उसका नेतृत्व कर रहे राजद को लाभ मिल सकता है।

# लड़कियों की टांग तोड़ने के आह्वान से मनु की प्रेतसिद्धि करती संघ की साध्वी

**बादल सरोज**

**प्रज्ञा** सिंह के इस उत्तेजक और उन्मादी आह्वान को इस समग्रता में पढ़ने की जरूरत है। आमतौर से सभी को खासतौर से उन अच्छी लड़कियों को जो बहुत अनुशासित होती हैं - चुप चुप रहती हैं - जितना दे दो उतने पर मान जाती हैं - कभी जोर से नहीं बोलतीं - कभी आगे नहीं भागती। कभी ना नहीं कहती- सामने आने की बजाय पीछे-पीछे चलने में खुश रहती हैं। वे नहीं जानती कि इसकी वजह उस सामाजिक परवरिश में हैं जिसने बहुत चतुराई से ठगी की है।



साध्वी' प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भारत की युवतियों और स्त्रियों के लिए एक समारोह में 'कहना न मानने वाली लड़कियों की टांगे तोड़ देने' का आह्वान कर दिया । बोलीं कि 'अगर हमारी लड़की हमारा कहना नहीं मानती है, किसी विधर्मी के यहां जाने का प्रयास करती है तो उसकी टांगें तोड़ने में भी कोई कसर मत छोड़ना। जो संस्कारों, बातों से नहीं मानती है तो उसे ताड़ना देनी पड़ती है।' प्रज्ञा सिंह ने ये भी कहा कि 'ऐसी बच्चियां जो हठी हैं, माता-पिता की बात नहीं मानतीं, संस्कारों को नहीं मानती, घर से भागने को तैयार हैं उनके लिए सतर्क रहो, जागते रहो और ऐसी लड़कियों को मारकर, पीटकर, समझाकर और प्यार से जैसे भी हो लेकिन जाने मत दो।' खुलेआम हिंसा का यह आपराधिक आह्वान करते हुए एक वाक्य में उन्होंने लड़कियों को 'मियांईन न बनने देने' की बात कहते हुए उस विष का छौंक बघार भी लगाया जिस विष का इस कुनबे के पास भरपूर भण्डार है। यह सीधे-सीधे इस देश की आधी आबादी के विरूद्ध युद्ध की यलगार है। प्रज्ञा सिंह जिस कथित 'लव जिहाद' को हवा दे रही थीं यह एक नितांत झूठी बकवास है। यह बात खुद उनके मोदी जी की सरकार के अमित शाह के गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने 4 फरवरी 2020 को लोकसभा में दिए गए एक लिखित उत्तर में कही थी कि 'केंद्र सरकार की किसी भी एजेंसी ने लव जिहाद के एक भी मामले की जानकारी नहीं दी है।' यह भी कि देश में 'लव जिहाद' जैसी कोई चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि 'भारत के संविधान की धारा 25 प्रत्येक नागरिक को किसी भी धर्म को मानने की स्वतंत्रता देती है।' इससे पहले 2018 में प्रधानमंत्री मोदी के नियंत्रण वाली एनआईए केरल के दो विवाहों के मामले सहित कई प्रकरणों में जांच करके फैसला दे चुकी थी कि लव जिहाद के अस्तित्व का कोई सबूत नहीं है। उत्तराखंड के पुरोला में तनाव के बाद भी यह मामला एक अफवाह साबित हुआ। केरल हाईकोर्ट भी अपने एक फैसले में किसी जिहाद विहाद की मौजूदगी को नकार चुका है । पिछली कई वर्षों में सूचना के अधिकार के तहत पूछे गए अनेक सवालों के जवाब में अमित शाह के गृह मंत्रालय ने न केवल मना किया गया बल्कि खुद मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथपत्र दाखिल करते हुए लव जिहाद के वजूद से साफ इनकार किया था। भारत के मुस्लिम नागरिकों के प्रति अपना द्वेष ये स्वयं मौके बेमौके उगलती रहती हैं। अभी इसी सितम्बर में दुर्गा वाहिनी के एक कार्यक्रम में बोलते हुए इन्होंने खुलेआम मंच से कहा था कि 'अगर गैर-हिंदू मंदिरों के बाहर प्रसाद बेचते दिखें तो उन्हें पीटा जाए और पुलिस के हवाले करने से पहले सबक सिखाया जाए।' उन्होंने यह भी कहा कि 'हर घर में तेज धार वाले हथियार मौजूद होने चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका इस्तेमाल किया जा सके ।' इस बार वे मुस्लिमों के बहाने सभी भारतीय महिलाओं के खिलाफ रणभेरी फूंक रही हैं। इस तरह उस असली पटकथा के लिए मंच सजा रही हैं जो उनके कुनबे के हिन्दूराष्ट्र का सार है। यह बात सिर्फ अंदाजा, अनुमान या आरोप नहीं है- ये जिसका लिखा बांच रही हैं उस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पक्का विचार है। इस वर्ष 100 वर्ष का हुआ आर एस एस इस मायने में भी इस देश का ऐसा विचित्र संगठन है कि कोई महिला इसका सदस्य नहीं बन सकती। इसका कोई संविधान है या नहीं यह बात तो खुद इनके अपनों तक को नहीं पता अलबत्ता इनकी आधिकारिक वेबसाईट पर अक्सर पूछे जाने वाले सवालों- एफ ए क्यूज- में साफ-साफ लिखा है कि 'यह हिन्दू पुरुषों का संगठन है' और कोई भी 'हिंदू पुरुष' स्वयंसेवक बन सकता है। इसमें साफ-साफ लिखा गया है कि 'उसकी स्थापना हिंदू समाज को संगठित करने के लिए की गई थी और व्यावहारिक सीमाओं को देखते हुए संघ में महिलाओं को सदस्यता नहीं दी जाती है सिर्फ हिन्दू पुरुष ही इसमें शामिल हो सकते हैं ।

## समाजवादी पार्टी कंसापुर, ज्ञानपुर भदोही में मनाई गई, संत नामदेव की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज । पिछड़ों,** दलितों, गरीबों तथा शोषितों को जागृत करने वाले संत शिरोमणि नामदेव जी की जयन्ती समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट कंसापुर ज्ञानपुर में मनाई गयी। एवं पीडीए साईकिल यात्रा ज्ञानपुर नगर भ्रमण गोपीगंज तक को जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव झण्डा दिखा कर रवाना किया । जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा उनका जीवन सदैव दलितों, पिछड़ों एवं शोषितों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने पूरे देश में भ्रमण कर समाज में सामाजिक चेतना जगाने के साथ समता, समानता और स?द्भावना का संदेश दिया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें । विधायक जाहिद बेग के कहा संत शिरोमणि नामदेव का जन्म 1270 ईस्वी में महाराष्ट्र के नरसी बामनी गाँव में हुआ था। लेकिन उनका मन भक्ति में लगता था, खासकर भगवान विठोबा में। संत ज्ञानेश्वर के साथ पूरे भारत की यात्रा की और कई अभंग (भजन) लिखे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, खासकर जातिगत भेदभाव को खत्म करने का संदेश दिया।इसके पूर्वपीडीए साईकिल यात्रा ज्ञानपुर नगर भ्रमण गोपीगंज तक को जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव झण्डा दिखा कर रवाना किया



मौके जिलामहाचिव ह्रदय नारायण प्रजापति,सोभनाथ यादव,शैलेश सिंह मन्टु, श्यामला सरोज,सन्तोष यादव, लालचन्द बिंद,रामधनी यादव,काशीनाथ पाल,चांद बाबु,विनोद यादव,गामाप्रसाद यादव(प्रधान)अंकित पाण्डेय,मो.अरसद,करिया पाल,मनोज कनौजिया,संदीप मंकी यादव,शैलेश यादव जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू आदि।

## थाना ऊंज पर 729 लीटर अवैध अंग्रेजी/देशी शराब का कराया गया विनष्टीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही । पुलिस** महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन विशेष अभियान के अनुपालन व अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निदेर्शानुसार जनपद में माल निस्तारण का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में थाना ऊंज पर पंजीकृत विभिन्न 54 मुकदमों (धारा 60 आबकारी अधि0) से सम्बंधित अवैध अंग्रेजी/देशी शराब कुल 729 लीटर , शनिवार को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय भदोही ज्ञानपुर के आदेशों के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट जनपद भदोही द्वारा गठित टीम उपजिला मजिस्ट्रेट ज्ञानपुर, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी भदोही व जिला आबकारी अधिकारी भदोही के समक्ष थाना ऊंज परिसर में नियमानुसार विनष्टीकरण कराया गया।

## ओवरटेक के प्रयास में हादसा, खलासी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। थाना** क्षेत्र के राजमार्ग स्थित माधोपुर पावर हाउस के पास रविवार सुबह करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। आगे जा रही ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक के केबिन में सो रहे खलासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक ओवरटेक करने की कोशिश में था, तभी आगे चल रही ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खलासी केबिन में बुरी तरह फंस गया। मौके पर फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और पुलिस टीम चौकी प्रभारी कुलदीप मिश्रा के नेतृत्व में



पहुंची। क्रेन की मदद से खलासी को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ट्रक चालक सानू पुत्र श्रीराम सागर, निवासी थाना बिल्लौर (कानपुर नगर) ने बताया कि हादसा ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने के कारण हुआ। मृत खलासी की पहचान परिजनों के आने पर सुंदरम गौतम पुत्र सुरेन्द्र कुमार गौतम निवासी ग्राम मेलुआ थाना अरौल जनपद कानपुर नगर के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दोनों वाहनों को हटवाकर मार्ग को सुचारू कर दिया गया।

## छठ पर्व की तैयारियों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, घाटों की सुरक्षा व सफाई पर दिए सख्त निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। डाला** छठ त्यौहार को देखते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा संयुक्त रूप से जनपद के सेवराई तहसील के ग्राम गहमर के नरवा घाट आदि का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उन्होने विभिन्न घाटो को लेकर छोटे बडें घाटो पर चौकसी बरतने को कहा। छठ पूजा के स्थानो एवं घाटो पर साफ-



सफाई, बैरिकेटिग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, घाटो पर नावो तथा उस पर तैनात गोताखोरो की व्यवस्था, साथ ही घाटो पर लगाये गये नाविको एवं गोताखोरो का पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करने का निर्देश दिया। उन्होने घाटो पर अस्थायी कपड़ा चेन्जिग रूम तथा घाटो पर जाने वाली सड़को को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया।


## छठ महापर्व की तैयारी पूरी, साफ - सफाई और सजावट से निखर उठा क्षेत्र

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर व ग्रामीण अंचलों में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। मुख्य बाजार, शाहनिन्दा और सलेमपुर में रविवार को फलों की खरीदारी को लेकर भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालु महिलाएं छठ पूजा में अर्घ्य अर्पित करने हेतु आम्रपाली केले, गन्ना, नारियल, सिंघाड़ा और मौसमी फलों की खरीदारी करती नजर आईं।

बताते चलें कि सोमवार की संध्या को श्रद्धालु भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे, जबकि मंगलवार की प्रातः दूसरा अर्घ्य देकर पूजा संपन्न करेंगे।

इसी को लेकर प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर के गंगा घाट, महादेवा घाट, गौसपुर सहित अन्य पूजा स्थलों पर



सफाई कार्य पूर्ण हो चुका है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत चकबाकर रजैला में स्थित अमृत सरोवर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। यहां श्रद्धालुओं के लिए पक्का घाट बनाया गया है और सरोवर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटिंग व फूल-पौधों से सजाया गया है। बच्चों के मनोरंजन के लिए हाथी, घोड़े, ऊँट, शेर आदि की सुंदर मूर्तियां और चरखी-झूला पार्क में लगाए गए हैं।

# सीआईसी की खेलों की जंग पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने फहराया ध्वज, खिलाड़ियों में उमड़ा जोश का सैलाब

- दिवारी नृत्य से लेकर दौड़ की धूल
- 400 खिलाड़ियों ने भरी जीत की हुंकार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज के मैदान पर रविवार को खेल और जोश का संगम देखने को मिला, जब 26वां मंडलीय बालक-बालिका खेलकूद समारोह का भव्य शुभारंभ पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने किया। उन्होंने खेल टीमों के जोशीले मार्च पास्ट की सलामी ली, जिसमें सीआईसी के एनसीसी घोषदल का अनुशासन और तालमेल हर किसी का ध्यान खींच गया। महोबा की बालिकाओं ने विशेष प्रस्तुति के रूप में मोहक दिवारी नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से समारोह को भक्ति और ऊर्जा से भर दिया। मुख्य अतिथि ने मंडलीय ध्वज फहराकर 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाते हुए खेलों की शुरूआत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास भी भरते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों को कैरियर का हिस्सा बनाएं और जिले का नाम रोशन करें। डीआईओएस रविशंकर ने बताया कि प्रतियोगिता में बांदा, चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर के लगभग 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तीन दिन चलने वाले इस आयोजन के विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मइयादीन पटेल और हनुमान प्रसाद शुक्ल ने किया, जबकि उद्घाटन गीत राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त लालमन ने प्रस्तुत किया। फील्ड में एथलेटिक्स की स्पधाएं व्यायाम शिक्षकों श्रीकेशन, अवधेश सिंह, श्यामसुंदर यादव आदि ने कराईं। उद्घाटन समारोह में कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा, भाजपा नेता जगदीश गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, मेजर मिथिलेश पांडेय, डॉ राजीव पाठक समेत अनेक गणमान्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान ने अतिथियों का सम्मान कर कहा- खेल ईमानदारी का प्रतीक हैं, चयन प्रक्रिया में किसी के साथ अन्याय न हो। सीआईसी का आसमान सचमुच खेल भावना के रंग में रंग गया- जहां हर सांस में तिरंगे की लहर और हर नजर में जीत का जज्बा था।


सीआईसी में खेलों के आगाज पर बोलते पूर्व सांसद

# पूर्व भाजपा विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में पुलिस ने दिखाई तत्परता, भेजा जेल

- लगेगा गुण्डा एक्ट
- मोहिनी शुक्ला नाम की फर्जी आईडी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ-मानिकपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक आनंद शुक्ला के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियाँ करने के मामले में पुलिस ने चित्रकूट निवासी प्रवीण मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला मोहिनी शुक्ला नाम से बनाई गई एक फर्जी सोशल मीडिया आईडी से जुड़ा है, जिसके माध्यम से पूर्व विधायक के संबंध में अभद्र और भ्रामक पोस्ट की जा रही थीं। बरगढ़ निवासी भाजपा मंडल महामंत्री आकाश द्विवेदी ने इस संबंध में थाना बरगढ़ में तहरीर दी थी, जिसमें कहा गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर पूर्व विधायक की छवि धूमिल करने की नीयत से भड़काऊ और अपमानजनक टिप्पणियाँ पोस्ट की हैं। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर सेल की जांच में यह बात सामने आई कि फर्जी अकाउंट का संचालन प्रवीण मिश्रा नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था, जो चित्रकूट का मूल निवासी है और कुछ समय से गुजरात में रह रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रवीण मिश्रा के खिलाफ सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने और जनप्रतिनिधि की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आगे की जांच में आरोपी के अन्य ऑनलाइन गतिविधियों की भी पड़ताल की जाएगी। सोशल मीडिया में जारी बयान में एसपी ने आगे बताया कि आरोपी के खिलाफ गुण्डा एक्ट की भी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे प्रकरण ने जिले में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और राजनीतिक छवि बिगाड़ने की प्रवृत्ति पर नई बहस छेड़ दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विचार भले ही अलग हों, पर उन्हें अभद्रता और गलत जानकारी के सहारे नहीं फैलाया जाना चाहिए।

**क्या हैं आरोप मोहिनी शुक्ला उर्फ प्रवीण मिश्रा के?**

सोशल मीडिया पर मोहिनी शुक्ला नामक आईडी से लगाए गए आरोपों में कहा गया है कि पूर्व विधायक आनंद शुक्ला और उनके समर्थक महिलाओं के नंबरों पर अश्लील कॉल करते हैं और अभद्र व्यवहार करते हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उनके पास इन हरकतों के रिकॉर्डिंग, ऑडियो और वीडियो सबूत मौजूद हैं और उन्होंने उन्हें प्रमाण सहित सार्वजनिक करने की धमकी दी है। इसके अलावा उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व विधायक का एक महिला कर्मचारी के साथ संसर्ग संबंध है साथ ही जातिगत टिप्पणी के भी आरोप हैं। आगे आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं इस संबंध को देखा है और यदि आवश्यक हो तो डीएनए टेस्ट द्वारा सत्यापन किया जा सकता है। इन गंभीर आरोपों के चलते उन्होंने पूर्व विधायक और उनके समर्थकों के संपर्क से खुद को अलग कर लिया है।

## अहिरी पेट्रोल पंप के पास दर्दनाक हादसा, तीन वर्षीय बच्ची की मौत

**मऊ/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के अहिरी पेट्रोल पंप के पास एक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डाल दिया, जब मात्र तीन साल की गोलू प्रजापति की जान चली गई। सूत्रों के अनुसार, बच्ची के परिवार की मोटरसाइकिल अचानक खड़े ट्रक से टकरा गई। घायलों को तुरंत मऊ सीएचसी लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची, शिवराज प्रजापति की पुत्री और रामपुरिया गाँव की निवासी थी। घटना की सूचना मिलते ही अपराध निरीक्षक अजनी कुमार सिंह हमराही कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उप निरीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पंचनामा तैयार किया गया और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने पूरे इलाके की जाँच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। यह दुखद घटना सड़क सुरक्षा की गंभीर चुनौती को उजागर करती है।

## डंपर ने कुचला, बाइक सवार उप निरीक्षक की मौत- सरधुआ में सनसनी

**चित्रकूट।** प्रतापगढ़ के महिला थाना में तैनात 56 वर्षीय उप निरीक्षक महानंद त्रिपाठी का जीवन रविवार की सुबह सड़क पर ही खत्म हो गया। वह बाइक से मुकदमे की विवेचना के सिलसिले में अंतू की ओर जा रहे थे, तभी सराय वीरभद्र के पास सामने से आ रहे बेकाबू डंपर ने टक्कर मारते ही उन्हें गिरा दिया और भागते हुए उनके सिर पर चढ़ा दिया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आबादी के न होने के कारण घटनास्थल पर लोग देर तक नहीं पहुंच पाए। राहगीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशांत राज ने बताया कि उप निरीक्षक महानंद त्रिपाठी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। डंपर और उसके चालक को सीसीटीवी फुटेज के सहारे जल्द पकड़ने का दावा किया गया है। घटना से पूरे इलाके में शोक और गुस्सा फैल गया।

## गंगा प्रसाद संयोग सदन में जुटेगा समाज का महासागर- झांसी से आएंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष

28 अक्टूबर को होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



समाज के अध्यक्ष एमपी जायसवाल

**चित्रकूट।** कामदगिरि भवन में जायसवाल-शिवहरे समाज की बैठक उत्साह और एकता के माहौल में संपन्न हुई, जिसमें समाज के अध्यक्ष एमपी जायसवाल ने कहा कि कुलदेवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती तभी सार्थक होगी जब हर स्वजातीय बंधु समाज के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगा। उन्होंने एकजुट होकर समाज को आत्मनिर्भर और संगठित बनाने का आह्वान किया। समाज के महामंत्री डॉ प्रदीप जायसवाल ने बताया कि आगामी 28 अक्टूबर को गंगा प्रसाद संयोग सदन, ईटा मंडी के पास भव्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि होंगे समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय (झांसी) तथा विशिष्ट अतिथि होंगे अतिजेश जायसवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मंच। महामंत्री गौरेंद्र शिवहरे ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोग उपस्थित होकर अतिथियों का स्वागत करें और उनके विचारों से प्रेरणा लें। कार्यक्रम संयोजक अर्पित जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन पिछले 11 वर्षों की परंपरा को नई भव्यता के साथ आगे बढ़ाएगा, जिसमें प्रत्येक पदाधिकारी को जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई हैं। बैठक में प्रकाश, योगेश, भगवान दीन, प्रमोद (प्रधान), सुनील, उमेश, गणेश, अतुल, सूरज, सौरभ, अरविन्द, अजय जायसवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन नमन जायसवाल ने किया।

# क्या करोड़ों का सफेद हाथी प्रोजेक्ट सिर्फ किसी खास को फायदा पहुँचाने के लिए था?

- करोड़ों का चित्रकूट का एयरपोर्ट
- ट्रेन भरी, उड़ान खाली

**अखंड भारत संदेश**



चित्रकूट एक्सप्रेस में प्रथम एसी की भरी हुई सीट

**चित्रकूट।** करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हुआ चित्रकूट एयरपोर्ट, जिसे उत्तर प्रदेश का पहला टेबल-टॉप एयरपोर्ट कहा गया, उद्घाटन के चार महीने बाद भी खाली पड़ा है। स्थानीय लोग और यात्री सवाल पूछ रहे हैं कि क्या यह हवाई सेवा वास्तव में जनता के लिए बनाई गई थी या सिर्फ किसी खास को विशेष लाभ पहुँचाने का माध्यम थी। 1100 रुपये किराया, दो घंटे में लखनऊ पहुंचाने वाली फ्लाइट, लेकिन यात्रियों की कमी के बहाने उड़ानें ठप। वहीं ट्रेन की फर्स्ट एसी की टिकट, जो कि फ्लाइट से भी महंगी है, आमतौर पर भर जाती है और सीटें सीमित होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर लोग ट्रेन की महंगी और सीमित सीटें भी भर लेते हैं, तो फ्लाइट में यात्रियों की कमी का बहाना कितना वाजिब है? स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का कहना है कि क्या प्रशासन ने कॉस्ट-प्रॉफिट एनालिसिस किए बिना यह प्रोजेक्ट लगाया और उद्घाटन के समय केवल प्रचार और दिखावा किया गया? ऑनलाइन बुकिंग और जानकारी की कमी, कर्मचारियों और सुरक्षा इंतजाम मौजूद होने के बावजूद, जनता को कोई वास्तविक सुविधा नहीं मिली। इस एयरपोर्ट का उद्देश्य केवल किसी खास को कमाई का अवसर देना तो नहीं था, यह सवाल गहरे उठ रहे हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सेवा शून्य और विवाद बढ़ गया। जनता पूछ रही है कि क्या यह प्रोजेक्ट सचमुच जनहित के लिए था या सिर्फ सरकारी पैसे का सिर्फ नाममात्र उपयोग हुआ। चित्रकूट एयरपोर्ट अब सिर्फ खाली टर्मिनल और सवालों का प्रतीक बनकर रह गया है। इस सदर्भ में जब जिला पर्यटन अधिकारी से बात की गई तो उन्होने बताया कि यह उड्डयन विभाग का मामला है, उड्डयन अधिकारी से पूंछिए।

# मानिकपुर के चन्द्रा मारा में विशाल नेत्र शिविर बुजुर्ग और महिलाओं ने पाई जीवनदायी दृष्टि

**मानिकपुर/चित्रकूट।** ग्राम पंचायत चन्द्रा मारा में आयोजित विशाल नेत्र शिविर ने ग्रामीणों के बीच उत्साह और राहत की लहर दौड़ा दी। दो सैकड़ा से अधिक बुजुर्ग और महिलाएँ शिविर में अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचीं, जहाँ सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट की डॉक्टरों की टीम ने निशुल्क सेवाएँ प्रदान की। प्रमुख डॉक्टरों में अपराजित त्रिपाठी, मुस्कान सिंह और राशी द्विवेदी शामिल रहे, जिन्होंने रोगियों का सटीक परीक्षण किया और स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि उप-जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, तथा संयोजक शिव शंकर सिंह और अमित सिंह उपस्थित रहे। सहयोगियों की टीम में अवध सिंह, एमपी यादव, संदीप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, कमलेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे, जिन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं को सफल बनाया। शिविर में उपस्थित हजारों ग्रामीणों ने डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश भी ग्रहण किया। इस आयोजन ने साबित कर दिया कि सामाजिक और स्वास्थ्य सेवा मिलकर गाँवों में आशा और विश्वास की किरण फैलाती है।


नेत्र शिविर में उमड़ी भीड़

# जिले में नेतानगरी का नया फैशन- जनसेवा नहीं, ऑनलाइन सेल्फ-प्रमोशन का क्रेज

- अब जनता नहीं, कैमरा बनेगा गवाह
- नेताओं पर चढ़ा डिजिटल नशा

**चित्रकूट।** राजनीति का चेहरा बदल रहा है, पर अफसोस- दिशा नहीं। अब नेतानगरी का असली मैदान सड़क या गाँव की चौपाल नहीं, बल्कि मोबाइल स्क्रीन बन चुका है। जहाँ कभी नेताजी पसीना बहाकर जनता के बीच जाते थे, अब वहाँ लाइव, रील और सेल्फी कैमरेह्ल का जलवा है। चित्रकूट में नेतानगरी का नया ट्रेंड है- काम से पहले पोस्ट, और पोस्ट के बाद प्रचार। हर कार्यक्रम में जनता से ज्यादा फोटोग्राफर दिखते हैं, और हर घोषणा के साथ पहले बनती है थंबनेल लाइन- नेताजी जी ने किया शुभारंभ। कभी सड़क पर धूल उड़ाने वाले नेता अब एसी रूम से ट्वीट कर रहे हैं- जनता की सेवा जारी है- आज डीएम से बात कर जनता की खाद की समस्या का किया समाधान। हकीकत देखें तो जनता धूप में पसीना बहाते हुए बिलखती रहती है। विडंबना है कि जनता की समस्याएँ नेताजी ने तो बैठे बैठे ही खतम कर दीं, और नेताजी के पास जवाब देने का वक्त नहीं- क्योंकि अगली पोस्ट की स्क्रिप्ट तैयार करनी होती है। इवेंट नजदीक आते ही अब जमीन पर नहीं, न्यूज फीड पर जोश दिखाया जा रहा है। हर जगह बैनर, बाइट रील का खेल है। नेता अब जनता की नब्ज नहीं, लाइक और व्यूज की गिनती करते हैं। क्योंकि अगली बार चुनाव में तो ये सिर्फ आनलाइन वाले नेता जी ही कहलाएंगे। चित्रकूट की राजनीति अब डिजिटल दर्शन बन चुकी है- जहाँ नेता हर पोस्ट में मसीहा दिखते हैं, मगर जमीनी हकीकत में जनता अब भी बिजली, सड़क, खाद, भ्रष्टाचार और सुरक्षा के लिए भटक रही है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी प्रवीण मिश्रा

## श्रीमद् भागवत कथा- आचार्य अनुराग शास्त्री ने ईश्वर की अकाट्य इच्छा का खोला रहस्य

- भागवत कथा में आत्मा का साक्षात्कार
- भक्तों के संकट से मिली जीवन सीख

**अखंड भारत संदेश**


कथा सुनाते आचार्य अनुराग शास्त्री

**चित्रकूट।** श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य अनुराग शास्त्री महाराज ने श्रोताओं के हृदय में गहरी छाप छोड़ी। बल्दाऊगंज मोहल्ले में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विधि के विधान को कोई टाल नहीं सकता। भगवान श्रीकृष्ण सर्वसामर्थ्यवान होते हुए भी अपने भांजे अभिमन्यु को नहीं बचा पाए। तुलसीदास कहते हैं- तुलसी इस धरा को प्रमान, यही जो फरा सो छरा, जो बरा सो बुतानो। इस संसार में ईश्वर की इच्छा अकाट्य है और प्रारब्ध की नियतियों को जीव को हंसकर भोगना चाहिए। महाराज ने भागवत कथा के माध्यम से न केवल निर्भयता और निःसंदेहता की शिक्षा दी, बल्कि पांडव चरित्र, विदुर चरित्र, भीष्म कथा, शुक संवाद और महाराज मनु सतरूपा की गाथा का भी विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे आकृति रुचि प्रजापति से यज्ञ एवं दक्षिणा दो संताने देवहुति से नौ कन्याओं के माध्यम से सृष्टि का विस्तार हुआ और पुत्र कपिल का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पत्रकार संघ के राजकुमार याज्ञिक, व्यापारी नेता लक्ष्मी केसरवानी, छोटू बढ़गइयां, अखिलेश, उमेश और आदित्य श्रीवास्तव, अरुण, ललित और मनोज श्रीवास्तव, मुख्य यजमान राम आसरे श्रीवास्तव और सावित्री श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसने श्रोताओं के हृदय में भक्तिपूर्ण आनंद और जीवन का संदेश भर दिया।

# हमास संग पाक की साजिश, भारत में क्या तगड़ा खेल करने वाले हैं नेतन्याहू

**गाजा**

**गाजा** और पाकिस्तान में अचानक कुछ ऐसा हुआ है जिसकी वजह से भारत और इजरायल किसी न किसी बड़ी तैयारी में लगे हैं। इजरायली मीडिया ने दावा किया है उसे जानकर लोग उसकी गंभीरता और पैमाने का अंदाजा लगा सकते हैं। दावे के मुताबिक आने वाले कुछ वक्त में एक के बाद एक ताकतवर इजरायली नेता भारत आ रहे हैं। सबसे पहले नवंबर की शुरूआत में इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार भारत आएंगे। उसके बाद दिसंबर में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भारत में शेर की तरह घुसेंगे। नेतन्याहू के बाद इजरायल के रक्षा मंत्री फरवरी के महीने में भारत में होंगे। उसके बाद इजरायली राष्ट्रपति आइजैक हार्गोस भी भारत आएंगे। ये सबकुछ ऐसे समय पर हो रहा है जब पाकिस्तान भारत और इजरायल दोनों के लिए खतरा बन रहा है। कई यूरोपीय देश फिलिस्तीन को मान्यता



देकर इजरायल को अलग थलग कर चुके हैं। ऐसे में भारत के ताबड़तोड़ हाईप्रोफाइल दौरे सामान्य नहीं लग रहे हैं।

दरअसल, इसके पीछे एक बहुत बड़ी वजह पाकिस्तान और हमास है। खबर है कि हमास को अब पाकिस्तान में बसाया जा रहा है। पाकिस्तान हमास का नया अड्डा बन रहा है। ये इजरायल के साथ साथ भारत के लिए भी बहुत बड़ा खतरा है। इजरायल ने दो साल से ज्यादा चली जंग में हमास को खत्म करने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। उसी हमास को बचाने के लिए अब कुछ समय के लिए गाजा से निकालकर पाकिस्तान में शिफ्ट किया जा रहा है। इसके पीछे अमेरिका समेत, कई मुस्लिम और पश्चिमी देश शामिल हो सकते हैं। यानी गाजा को जिंदा रखने के लिए पाकिस्तान की जमीन चुनी गई है।

मिडिल ईस्ट फोरम में मिडिल ईस्ट मीडिया रिसर्च इंस्टीट्यूट (एमईएमआरआई) की परियोजना निदेशक अन्ना महजर-बारदुची ने लिखा, अक्टूबर 2023 से पाकिस्तान में जहीर की उपस्थिति में नाटकीय रूप से विस्तार हुआ है, जिससे वह उन हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में एक स्थायी सदस्य बन गए हैं जो फि लिस्तीन समर्थक बयानबाजी को जिहादी नेटवर्किंग के साथ मिलाते हैं। हमास के विशेष प्रतिनिधि के रूप में देश में रहते हुए, जहीर ने रैलियों को संबोधित किया है और पेशेवर संस्थाओं से प्रशंसा प्राप्त की है। इजरायली नागरिकों पर हमास के हमले के ठीक एक हफ़्ते बाद, जहीर ने पेशावर में एक फि लिस्तीनी समर्थक रैली में यह टिप्पणी की, जिसमें हमास नेता खालिद मशाल ने वर्चुअल रूप से भाग लिया।

# मैंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने का विचार त्यागा नहीं है: कमला हैरिस

**अमेरिका**

**कमला** हैरिस ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दौड़ में फिर से शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया है। शनिवार को ह्यबीबीसीह्न को दिए साक्षात्कार में हैरिस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में एक महिला अमेरिका की राष्ट्रपति बनेगी, जो संभवतः वह हो सकती हैं।

उन्होंने कहा, मैंने अब तक हार नहीं मानी है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने 2028 में राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने के बारे में अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। लेकिन उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि उन्हें बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। हैरिस ने कहा, मैंने अपना पूरा करियर सेवाभाव से जिया है और यह मेरी रगों में बसा है। सेवा करने के कई तरीके हैं। मैंने कभी जनमत सर्वेक्षणों पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने हाल में अपनी पुस्तक 107 डेज के विमोचन के बाद कई




साक्षात्कार दिए हैं।

यह पुस्तक 2024 के डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन के दौड़ से बाहर होने के बाद उनकी जगह लेने के हैरिस के अनुभव पर केंद्रित है। वह आखिरकार रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं।

पिछले हफ्ते ह्यएसोसिएटेड प्रेसह्न को दिए साक्षात्कार में 60 वर्षीय हैरिस ने स्पष्ट किया कि 2028 में फिर से चुनाव लड़ने का विचार उन्होंने त्यागा नहीं है।

उन्होंने कहा कि वह खुद को पार्टी की समर्पित नेता के रूप में देखती हैं और पूरी शिद्दत से 2026 के मध्यावधि चुनाव की तैयारी कर रही हैं।

# अमेरिका के उत्तर कैरोलाइना में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, कई अन्य घायल

**अमेरिका**

**अमेरिका** के उत्तर एवं दक्षिण कैरोलाइना सीमा के निकट शनिवार तड़के एक पार्टी में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। मरने वालों में 16 साल का एक किशोर भी शामिल है। एक शेरिफ ने इसकी जानकारी दी। रॉबसन काउंटी के शेरिफ बर्निस विलकिंस के कार्यालय ने बताया कि मैक्सटन के बाहरी इलाके में एक घर में आयोजित इस पार्टी में 13 लोगों को गोली मारी गयी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी। विलकिंस ने




बताया कि गोलीबारी की यह घटना पार्टी में शामिल दो समूहों के बीच हुयी। इस पार्टी में करीब 300 लोग शामिल थे, जो किशोरावस्था से लेकर 50 साल तक की उम्र के थे। शेरिफ ने बताया कि कई लोगों से इस घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरूआती जानकारी के अनुसार, दो समूहों के बीच झड़प हुई थी ।

# 28 अक्टूबर को सर क्रीक के पास भारत ऐसा क्या करने जा रहा है?

## आनन-फानन में पाकिस्तान ने जारी किया NOTAM

**पाकिस्तान**

**भारत** द्वारा सीमा पर त्रि-सेना अभ्यास त्रिशूल, की तैयारी के बीच, बौखलाए पाकिस्तान ने अपने मध्य और दक्षिणी हवाई क्षेत्र में कई हवाई यातायात मार्गों पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी की है। हालाँकि पाकिस्तान ने 28-29 अक्टूबर के लिए जारी किए गए इस नोटम (वायुसैनिकों को नोटिस) का कोई कारण नहीं बताया है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि यह किसी सैन्य अभ्यास या संभावित हथियार परीक्षण से जुड़ा हो सकता है। इस्लामाबाद का यह कदम भारत द्वारा 30 अक्टूबर से 10 नवंबर तक पाकिस्तान सीमा पर सर क्रीक के पास आयोजित होने वाले बड़े पैमाने पर तीनों सेनाओं के सैन्य अभ्यास के लिए एक नोटम जारी करने के बाद आया



है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच इस तरह की छाया मुक्केबाजी आम बात हो गई है, जिसमें दोनों देश सैन्य अभ्यास के लिए सीमाओं पर नोटम जारी करते रहे हैं। त्रिशूल अभ्यास 28,000 फीट की ऊँचाई तक फैला है, जिसे हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण संयुक्त परिचालन अभ्यासों में से एक माना जा रहा है। साइमन ने ट्वीट किया कि चयनित क्षेत्र और संचालन का पैमाना असामान्य था।

रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि थलसेना, नौसेना और वायुसेना के इस अभ्यास का उद्देश्य सेनाओं की संयुक्त परिचालन क्षमताओं, आत्मनिर्भरता और नवाचार का प्रदर्शन करना था। बयान में कहा गया है दक्षिणी कमान के सैनिक विविध और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त अभियानों को मान्य करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिसमें खाड़ी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में आक्रामक युद्धाभ्यास, सौराष्ट्र तट पर जल-थलचर अभियान और संयुक्त बहु-डोमेन परिचालन अभ्यास शामिल हैं। हालांकि इस तरह के अभ्यास नियमित तैयारी के उपाय हैं, लेकिन पाकिस्तान द्वारा नोटम जारी करने का कदम इस बात का संकेत है कि वह ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की सीमा गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहा है।

पहलगाम हमले के जवाब में शुरू किए गए इस अभियान के दौरान, सशस्त्र बलों ने एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान के भीतर नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया और 11 सैन्य ठिकानों और हवाई ठिकानों को निशाना बनाया।

# ट्रंप एशिया की यात्रा पर, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलेंगे

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने इस कार्यकाल में पहली बार एशिया की यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान ट्रंप के निवेश समझौतों और शांति प्रयासों पर चर्चा करने की उम्मीद है।

ट्रंप अपनी एशिया यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से आमने-सामने की मुलाकात करेंगे और व्यापार संबंधी जटिलताओं को कम करने की कोशिश करेंगे। ट्रंप ने ह्यएयर फोर्स वनह्न (अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष विमान) में अपने



साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतर समझौता करने की अच्छी संभावना है।

उन्होंने कहा कि वह शी चिनफिंग के साथ फेंटेनाइल की तस्करी और चीन द्वारा अमेरिका से सोयाबीन की कम खरीद पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा, ह्यह्यमैं चाहता हूं कि हमारे किसानों का ध्यान रखा जाए। और वह भी यही चाहते हैं।

मलेशिया की अपनी लंबी उड़ान के तहत कतर में ईंधन भरवाने के दौरान ट्रंप ने अपने विमान में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से भी मुलाकात की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने गाजा में सुरक्षा समझौतों की प्रगति पर चर्चा की।

# खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आत्मघाती हमले की साजिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने यह जानकारी दी।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंसह्न (आईएसपीआर) द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने जिले के झल्लार क्षेत्र में खुफिया सूचना पर आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) के तहत एक ह्यह्यबड़ी आतंकवादी घटना को नाकाम कर दिया और एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया।

यह अभियान फितना अल-खवारिज से संबंधित आतंकवादियों की उपस्थिति के



बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर आधारित था। ये आतंकी एक बड़ी आतंकवादी गतिविधि के लिए वाहन पर बम लगाकर आत्मघाती हमला करने की तैयारी कर रहे थे।

फितना अल-खवारिज शब्द का इस्तेमाल पाकिस्तान सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों के लिए करती है। बयान में कहा गया है कि सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकानों पर उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और आत्मघाती हमले के लिए तैयार किए जा रहे वाहन को नष्ट कर दिया तथा मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

आईएसपीआर ने कहा कि इलाके में तलाश अभियान जारी है ताकि इलाके में यदि कोई और आतंकवादी हैं तो उन्हें भी समाप्त किया जा सके।

# तुर्किये के तट के पास एजियन सागर में नाव डूबने से 14 प्रवासियों की मौत

**तुर्किये**

**तुर्किये** के दक्षिण-पश्चिमी तट के पास एजियन सागर में 18 प्रवासियों को ले जा रही एक रबर की नाव शुक्रवार को डूब गई, जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। तुर्किये के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दुर्घटना में दो लोग बच गए, जिनमें एक अफगान नागरिक भी शामिल है। दो अन्य लापता लोगों के लिए खोज और बचाव कार्य जारी है। क्षेत्रीय गवर्नर कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुगला प्रांत में पर्यटकों के बीच लोकप्रिय तटीय शहर बोडरम से रवाना होने के कुछ ही देर बाद नाव में पानी भरने लगा। बयान के अनुसार, जीवित बचा एक व्यक्ति छह घंटे तैरकर किनारे तक पहुंचा, जबकि दूसरा पास के एक द्वीप पर पाया गया। लापता प्रवासियों का पता लगाने के लिए चार तटरक्षक नौकाएं, एक गोताखोर दल और एक हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है।

# पुतिन-मोदी-जिनपिंग कहीं से नहीं मिल रहा भाव

**रूस**

**भारत** पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने का झूठा क्रेडिट लेने की कोशिश में हर बार फेल होते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पीएम मोदी से मिलने की कई बार कोशिश कर चुके हैं। लेकिन हर बार पीएम मोदी की तरफ से व्यस्तता का हवाला देते हुए इसे टाला गया। वहीं 24 घंटे में यूक्रेन जंग को खत्म करवाने का दावा करने वाले ट्रंप की पुतिन के साथ होने वाली समिट भी रद्द हो गई। चीन के राष्ट्रपति के साथ मिलने की वो कई बार इच्छा भी जता चुके हैं और शी जिनपिंग को अपना दोस्त बताते हैं। लेकिन कहीं से ट्रंप को मनचाहा भाव मिल नहीं रहा है।



इसकी वजह भी है। ट्रंप जिसे अपना दोस्त बताते हैं, उसकी पीठ में छुरा घोपने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। लेकिन अब उत्तर कोरिया के सनकी तानाशाह संग ट्रंप दोस्ती बढ़ाने की कोशिश में लगे हैं। ट्रंप ने कहा है कि मैं उत्तर कोरियाई नेता से मिलने को तैयार हूं। पिछली बार जब ट्रम्प ने राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2019 में दक्षिण कोरिया का दौरा किया था, तो उन्होंने लड़खड़ाती परमाणु वार्ता को पुनर्जीवित करने के प्रयास में किम जोंग उन के साथ एक आकस्मिक बैठक के लिए उत्तर कोरिया की सीमा पर एक आश्चर्यजनक यात्रा की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर कोरिया को एक परमाणु शक्ति बताया है। इस टिप्पणी को उत्तर कोरिया के परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र होने की संभावित स्वीकृति के रूप में समझा जा सकता है, जिसके अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकते हैं।

# नेपाल में जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत, 10 घायल

**नेपाल**

**नेपाल** के कणार्ली प्रांत में 18 यात्रियों को लेकर जा रही एक जीप करीब 700 फीट गहरी खाई में गिर गया जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह दुर्घटना शुक्रवार रात को रुकुम पश्चिम जिले के बाफिकोट स्थित झरमारे इलाके में हुई। यह वाहन मुसिकोट के खलंगा से आठबिसकोट नगरपालिका के स्यालिखाड़ी क्षेत्र की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि प्ररंभिक जांच से पता चलता है कि घटना अधिक गति से गाड़ी चलाने के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल ने उपचार के दौरान स्थानीय अस्पताल में दम तोड़ दिया। पीड़ितों की उम्र 15 से 30 साल के बीच थी। इस दुर्घटना में घायल हुए 10 अन्य लोगों का उपचार रुकुम जिला अस्पताल में जारी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# पाकिस्तान की सीमा पर सारे खतरनाक हथियार लेकर पहुंच गया भारत, 12 दिन तक पूरा एयर स्पेस बंद

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की सीमा के पास भारत कुछ अजीब और बड़ा खेल कर रहा है। भारत अपने सारे खतरनाक हथियार और सैनिक पाकिस्तान की सीमा पर तैनात कर रहा है। भारत ने 30 अक्टूबर से लेकर 10 नवंबर तक लगभग पूरी पश्चिमी सीमा यानी पाकिस्तानी सीमा पर नोटम जारी कर दिया है। नोटम यानी नोटिस टू एयरमैन एक ऐसा नोटिस है जो हवाई क्षेत्रों और हवाई मार्गों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को दशार्ता है। इस नोटिस के माध्यम से एयर स्पेस बंद होने की जानकारी दी जाती है। अब करीब 12 दिनों के लिए भारत ने इस पूरे इलाके में नोटम जारी कर दिया है। आप देखिए कि यह नोटम कितने बड़े और व्यापक क्षेत्र में जारी किया गया है। मजे की बात देखिए कि नोटम के अलावा भारत ने अपने पश्चिमी तट पर एक दिलचस्प नेविगेशनल चेतावनी भी जारी कर दी है। यह नेविगेशनल चेतावनी 25 से 27 अक्टूबर तक पश्चिमी तट पर लागू रहेगी। इसमें बताया गया है कि भारत कर्नाटक में स्थित अपने कारवार नेवल बेस के पास एक ऑटोनॉमस सिस्टम का ट्रायल कर रहा है। यह ट्रायल भारत के किसी खतरनाक स्वदेशी हथियार का हो सकता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत क्या कर रहा है और क्यों कर रहा है?

दरअसल भारत सरक के पास एक ट्राई सर्विस युद्ध अभ्यास एक्स त्रिशूल शुरू कर रहा है। यह युद्ध अभ्यास बेहद खतरनाक बताया जा रहा है और जिस सरक्रीक के पास यह हो रहा है वह बहुत महत्वपूर्ण है।

एक्स त्रिशूल नाम के इस युद्ध अभ्यास में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसके जरिए भारत की बढ़ती संयुक्त युद्ध क्षमता, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन को दिखाया जाएगा। 11 से 12 दिनों तक इतने बड़े इलाके में भारत की तीनों सेनाओं के युद्ध अभ्यास से पाकिस्तान भी इतना डर गया है कि उसने भी 2 दिन के लिए नोटम जारी कर दिया है। पाकिस्तान को डर है कि कहीं गलती से उसके एयरक्राफ्ट्स या विमान इस इलाके में ना पहुंच जाएं। नहीं तो भारत के हथियार उन्हें आसमान में ही भून देंगे। खुफिया जानकारी के अनुसार, भारत दक्षिणी क्षेत्रों बहावलपुर और रहीम यार खान से लेकर थार रेगिस्तान और सर क्रीक क्षेत्र तक–को चुन रहा है ताकि संयुक्त नौसेना-वायु-भूमि समन्वय का परीक्षण किया जा सके। सूत्रों के हवाले से पाकिस्तानी अधिकारियों को डर है कि इन अभ्यासों का इस्तेमाल कराची–पाकिस्तान के आर्थिक केंद्र से जुड़े समुद्री अवरोधक बिंदुओं और तटीय बुनियादी ढाँचे को खतरे में डालने की क्षमता



प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है। पाकिस्तान का लगभग 70 प्रतिशत व्यापार कथित तौर पर कराची बंदरगाह और बिन कासिम से होकर गुजरता है, जिससे ये सुविधाएँ रणनीतिक रूप से संवेदनशील हो जाती हैं।

सूत्रों ने आगे कहा कि भारत का दक्षिणी क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य एक स्पष्ट संदेश देना है।

देश केवल पंजाब या कश्मीर में ही नहीं, बल्कि कई मोर्चे खोल सकता है। उन्होंने कहा कि सर क्रीक-बदीन-कराची क्षेत्र पाकिस्तान के सबसे कमजोर सैन्य क्षेत्रों में से एक है: अपेक्षाकृत समतल, कम सुरक्षा वाला और सैन्य दृष्टि से खुला।